चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 297, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 27 नवंबर 2023

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## गजवा-ए-हिंद मॉड्यूल: कई राज्यों में संदिग्धों के ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी

**नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान समर्थित गजवा-ए-हिंद मॉड्यूल मामले में रविवार को कई राज्यों में छापेमारी की। एजेंसी ने दावा किया कि उसने इस दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए हैं। छापेमारी में उन संदिग्धों के पाकिस्तानी आकाओं के साथ संबंधों का भी पता चला है, जिनके परिसरों की तलाशी ली गई। एनआईए ने कहा कि ये संदिग्ध अपने संचालकों के संपर्क में थे और भारत विरोधी विचार का प्रचार करने में शामिल थे। एजेंसी ने कहा कि उसने आज मध्य प्रदेश के देवास, गुजरात के गिर सोमनाथ, उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ और केरल के कोझिकोड जिले में संदिग्धों के ठिकानों पर छापेमारी की। एनआईए ने कहा, कार्रवाई के दौरान उसने मोबाइल फोन और सिम कार्ड के अलावा कई दस्तावेज भी जब्त किए, जो फ्छ-32/2022/ठक्अ-उ्छक मामले से जुड़े हैं। इस मामले को आमतौर पर गजवा-ए-हिंद, पटना (बिहार) के रूप में जाना जाता है। एक अधिकारी ने बताया कि यह मामला पिछले साल 14 जुलाई को बिहार के फुलवारीशरीफ पुलिस ने शुरू में दर्ज किया था, जब मरघूब अहमद दानिश उर्फ ताहिर की गिरफ्तारी हुई थी। वह जैन नाम के एक पाकिस्तान व्यक्ति द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप एडमिनिस्ट्रेटर था।

## 'महुआ ने देश की सुरक्षा से खिलवाड़ किया, ममता का समर्थन शर्मनाक'

**कोलकाता**

**संसद** में सवाल पूछने के बदले पैसे लेने के आरोपों का सामना कर रहीं तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की महिला सांसद महुआ मोइत्रा कठघरे में हैं। 'कैश फॉर क्वेरी' नाम से चर्चित इस मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई जांच शुरू होने की खबरें भी सामने आई हैं। इस मामले में बीजेपी तृणमूल पर हमले का कोई भी मौका गंवाना नहीं चाहती।

# 'नागरिकों को न तो कोर्ट आने से डरना चाहिए'

### नागरिकों को न तो कोर्ट आने से डरना चाहिए और न ही उन्हें इसे अंतिम चारे (उपाय) के तौर पर देखना चाहिए: चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड ने रविवार को संविधान दिवस के मौके पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अब तक 'लोगों की अदालत' के तौर पर काम किया है और नागरिकों को न तो कोर्ट आने से डरना चाहिए और न ही उन्हें इसे अंतिम चारे (उपाय) के तौर पर देखना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस से जुड़े कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए सीजेआई चंद्रचूड ने कहा कि जिस तरह संविधान लोकतांत्रिक संस्थानों और प्रक्रियाओं के जरिए हमें राजनीतिक मतभेदों को खत्म करने में मदद करता है। उसी तरह कोर्ट की प्रणाली हमें स्थापित सिद्धांतों और प्रक्रियाओं के जरिए कई तरह की असहमतियों को सुलझाने में मदद करती है। इसलिए हम कह सकते हैं कि कोर्ट में हर केस संवैधानिक शासन का विस्तार है। इस कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भाषण से हुई। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस संजीव किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना मौजूद रहे। इसके अलावा कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और कई बड़े नाम भी इस दौरान उपस्थित रहे। चीफ जस्टिस ने अपने संबोधन में कहा, "पिछले सात दशकों में सुप्रीम कोर्ट ने लोगों की अदालत के तौर पर काम किया है। हजारों लोग इस संस्थान में न्याय पाने के भरोसे के साथ इसके दरवाजे तक आए हैं।"



## 'संविधान के कारण विपरीत परिस्थितियों से बाहर निकला भारत'

**समारोह** में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि भारत लोकतंत्र को मजबूत करने में सक्षम है क्योंकि न्यायपालिका और सरकारों ने अपना काम किया है। उन्होंने कहा, भारत संविधान के कारण ही विपरीत परिस्थितियों से बाहर निकलने में सक्षम रहा। उन्होंने कहा, पाकिस्तान हमारे साथ ही स्वतंत्र हुआ, श्रीलंका हमसे पहले स्वतंत्र हुआ, लेकिन इन देशों के साथ ही नेपाल और म्यामांर में भी अशांति रही। बांग्लादेश ने भी समस्याओं का सामना किया। लेकिन हम सही दिशा में आगे बढ़े और इसका प्रमुख कारण यह है कि संविधान के रूप में हमारे पास एक जीवित दस्तावेज है।

## 'संविधान लाखों लोगों को प्रभावित करने वाला जीवंत दस्तावेज'

**चीफ** जस्टिस ने कहा कि नागरिक कोर्ट में अपनी निजी आजादी, जवाबदेही, गैरकानूनी गिरफ्तारी, बंधुआ मजदूरों के अधिकारों की रक्षा, आदिवासी अपनी जमीन की सुरक्षा के लिए, मैला ढोने जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए और यहां तक कि साफ हवा हासिल करने के लिए दखल देने की उम्मीद के साथ तक आते हैं। सीजेआई ने कहा कि यह केस सिर्फ कोर्ट के लिए आंकड़े नहीं हैं। यह मामले बताते हैं कि लोग सुप्रीम कोर्ट से क्या उम्मीद करते हैं और खुद कोर्ट की नागरिकों को न्याय देने की प्रतिबद्धता दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट शायद दुनिया की एकमात्र कोर्ट है, जहां नागरिक सिर्फ मुख्य न्यायाधीश को चिट्ठी लिखकर संवैधानिक मशीनरी को चालू करा



सकते हैं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि कानूनों को सरल, सुलभ, अधिक मानवीय और युवा पीढ़ी से संबंधित बनाने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाला एक जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने सभी से मजबूत संकल्प, एकता और आशावाद के साथ आगे बढ़ने का अनुरोध किया। जस्टिस खन्ना ने कहा, जैसाकि हम 74वें संविधान दिवस का जश्न मना रहे हैं, हम अपने देश की यात्रा में एक महत्वपूर्ण खुद को एक महत्वपूर्ण क्षण में पाते हैं। भारतीय संविधान को बार-बार एक जीवंत दस्तावेज के रूप में वर्णित किया गया है, क्योंकि यह हमारे दैनिक जीवन का एक हिस्सा है।

इसने 1950 में 35 करोड़ लोगों के जीवन को बदल दिया था और आज भी एक अरब चालीस करोड़ लोगों के जीवन पर इसकी अमिट छाप है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुझाव दिया कि प्रतिभाशाली युवाओं का चयन करने और न्यायपालिका में निचले से लेकर उच्च स्तर तक उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए एक अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का गठन किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट द्वारा आयोजित संविधान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने इस बात प्रकाश डाला कि न्याय पाने वाले लोगों के लिए पैसा और भाषा बाधाओं के रूप में कार्य करती हैं।

## राष्ट्रपति ने प्रतिभा के विकास के लिए अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन का दिया सुझाव

**नई दिल्ली**

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने** युवाओं के चयन, विभिन्न वर्गों से अधिक प्रतिनिधित्व और न्यायपालिका में निचले से उच्च स्तर तक प्रतिभा के विकास के लिए अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन का सुझाव दिया है। राष्ट्रपति ने अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की वकालत करते हुए कहा कि विविधीकरण प्रक्रिया को तेज करने का एक तरीका एक ऐसी प्रणाली का निर्माण हो सकता है जिसमें योग्यता आधारित, प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी प्रक्रिया के जरिए विभिन्न पृष्ठभूमि से न्यायाधीशों की भर्ती की जा सके। राष्ट्रपति मुर्मू ने रविवार को संविधान दिवस पर सुप्रीम कोर्ट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि चयन प्रणाली कम प्रतिनिधित्व वाले सामाजिक समूहों को भी अवसर प्रदान कर सकती है।

राष्ट्रपति ने इससे पहले सुप्रीम कोर्ट परिसर में डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और



केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वंतत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे। राष्ट्रपति ने संसद, सेना और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं और पिछड़ों के बढ़ते प्रतिनिधित्व का जिक्र करते हुए न्यायिक प्रक्रिया में भी उनकी भागीदारी बढ़ाये जाने के महत्व को रेखांकित किया। राष्ट्रपति ने सबको न्याय उपलब्ध कराने के महत्व पर एक बार फिर जोर दिया और कहा कि हमें इस बात पर विचार करना चाहिए की क्या सभी को न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। इस दिशा में धन का अभाव एक बड़ी बाधा है।

## सुरंग में फंसे 41 मजदूरों के पास बजी बीएसएनएल की घंटी

**उत्तरकाशी**

**सुरंग में** 15 दिन से फंसे मजदूरों के पास रविवार को पहली बार बीएसएनएल की घंटी बजी। इसके लिए बीएसएनएल ने छह इंच के पाइप की मदद से अपनी लाइन पहुंचाने के साथ ही एक छोटा लैंडलाइन फोन भी पहुंचा दिया है।

अब बाहर बैठे रेस्क्यू अभियान के अधिकारी उनसे और बेहतर ढंग से संवाद स्थापित कर पा रहे हैं। 12 नवंबर को मलबा आने की वजह से जब 41 मजदूर सुरंग के भीतर फंसे तो उनसे बातचीत का एकमात्र जरिया चार इंच का पाइप था, जिसमें बेहद धीमी आवाज आ रही थी।





**छोटे लैंडलाइन की मदद से की जा रही बातचीत**

छह इंच का पाइप पहुंचने के बाद तीन दिन पहले एसडीआरएफ ने यहां कम्युनिकेशन डिवाइस लगाया, जिसके लिए माइक्रोफोन व स्पीकर भीतर भेजे गए थे। इसके माध्यम से लगातार मजदूरों से बातचीत की जा रही थी। रविवार को बीएसएनएल ने भी अपना कम्युनिकेशन सेटअप लगा दिया। बीएसएनएल के डीजीएम पीके शर्मा ने बताया कि वहां एक्सचेंज स्थापित कर दिया गया है। बताया कि छह इंच के पाइप की मदद से भीतर लाइन पहुंचा दी गई है। एक छोटे लैंडलाइन की मदद से अब उनसे बातचीत की जा रही है।

## आज भारत आर्थिक, सांस्कृतिक और कई क्षेत्रों में बड़ी प्रगति कर रहा है: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तेलंगाना के कान्हा शांति वनम में एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के महत्व को रेखांकित करते हुए युवाओं को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने के लिए आध्यात्मिक संस्था से सहयोग मांगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि समृद्धि पैसे और भौतिक चीजों से नहीं आती, यह सांस्कृतिक मूल्यों की मजबूती से भी आती है। आज भारत





आर्थिक, सांस्कृतिक और कई क्षेत्रों में बड़ी प्रगति कर रहा है। यह एक नये युग में प्रवेश कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को गुलाम बनाने वालों ने हमारी असली ताकत ज्ञान, ध्यान, योग, आयुर्वेद जैसी कई महत्वपूर्ण परंपराओं पर हमला बोला था। इसका देश को बहुत नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन अब समय बदल रहा है और भारत भी बदल रहा है। ये भारत की आजादी का अमृतकाल है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपनी इस विरासत को एक अभूतपूर्व ऊंचाई पर ले जाएं। इसमें श्री रामचंद्र मिशन और उससे जुड़े साधकों की, आप सबकी बहुत बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृत काल के इस दशक में हमारा ध्यान महिला, युवा, श्रम और उद्यम क्षेत्र पर है।

## 'हमास एक बर्बर आतंकवादी संगठन ही है, कांग्रेस ने उसका बचाव कर शर्मनाक काम किया'



**नई दिल्ली**

फिलिस्तीन में हमास और इजरायल के बीच गत डेढ़ महीने से संघर्ष जारी है। अब तक गाजा में दस हजार से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और पूरा गाजा तबाह हो चुका है। गाजा में इजरायली कार्रवाई 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायल पर हमले के बाद शुरू हुई। हमास द्वारा किए गए इस हमले की पूरी दुनिया में आतंकी हमला बताकर निंदा की जा रही है। इस बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संरक्षक इंद्रेश कुमार ने भी हमास द्वारा किए गए हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे आतंकी हमला करार दिया और मानवता विरोधी कृत्य बताया है। इंद्रेश कुमार ने हमास, हिजबुल्लाह, लश्कर, अल-कायदा, बोको हराम, आईएसआईएस और पीएफआई जैसे सभी संगठनों एक समान विचारधारा वाले आतंकवादी संगठन हैं। साथ ही हमास का समर्थन करने वाले विपक्षी दल कांग्रेस और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की भी उन्होंने आलोचना की। बातचीत के दौरान इंद्रेश कुमार ने कहा कि एमआरएम का मानना है कि ऐसा कोई विवाद और टकराव नहीं है जिसे बातचीत से नहीं सुलझाया जा सके। लेकिन चिंताजनक और निंदनीय बात यह है कि हमास के भयानक आतंकवादी हमले ने मानवता को तार-तार करते हुए बर्बरता की सभी हदें पार कर दी हैं, जिसकी जितनी भी भर्त्सना की जाए, कम है। हमास द्वारा की बर्बरता युद्ध नहीं बल्कि नरसंहार और अमानवीय कृत्य की श्रेणी मे आत है जिसे कोई भी सभ्य समाज और देश बर्दाश्त नहीं कर सकता।

## अब 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' होगा हेल्थ-वेलनेस सेंटर का नाम

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत योजना को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सरकार के फैसले के बाद राज्यों में आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का नाम बदला जाएगा। सरकार ने बताया है कि अब राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इन केंद्रों का नाम बदलकर 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' रखा जाएगा।

**राज्यों को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भेजा पत्र**



नाम बदले जाने के संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा है। अपर सचिव और मिशन निदेशक एलएस चांगसन ने राज्यों को स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का नाम बदलने के लिए एक पत्र भेजा है।

**देशभर में 1.6 लाख से अधिक केंद्रों की स्थापना, अब बदले जाएंगे नाम**

भारत सरकार की योजना के तहत संचालित हेल्थ और वेलनेस केंद्रों का नाम बदलने के संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक चांगसन ने कहा कि बीते पांच साल में देशभर में 1.6 लाख से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ-वेलनेस केंद्रों की स्थापना की गई है।

## पहाड़ का जीवन बदल रहीं सरकारी योजनाएं

**देहरादून**

**उत्तराखंड के जनजातीय** क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का क्रम जारी है। इसी कड़ी में रविवार को चकराता ब्लॉक के ग्राम भाट गढ़ी, दसऊ, मलेथा, मुंधोल में संकल्प यात्रा का रथ पहुंचा, जिसका ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस कार्यक्रम में कृषि, ग्राम्य विकास विभाग, बाल विकास, स्वास्थ्य आदि विभाग उपस्थित रहे। इन विभागों की ओर से कार्यक्रम में स्टॉल्स भी लगाए गए थे, जिससे लोग जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ले कर लाभान्वित हो सकें। संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने विकसित भारत बनाने की शपथ भी ली। इस दौरान मौजूद लोगों को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत को लेकर संबोधन सुनाया गया। इन ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों ने बताया कि कृषि, स्वास्थ्य और अन्य विभागों द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं से क्षेत्र का विकास हो रहा है।

## विकास के लिए बीआरएस को दें वीआरएस: योगी आदित्यनाथ

**हैदराबाद**

**यूपी के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जादू रविवार को भी तेलंगाना पर चला। भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील करने पहुंचे योगी आदित्यनाथ को यहां की जनता ने सिर आंखों पर बैठाया तो उन्होंने भी तेलंगाना के स्वर्णिम भविष्य के लिए 30 नवंबर को कमल वाला बटन दबाने का अनुरोध किया। कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम को खूब खरी भी सुनाई। आह्वान किया-बीआरएस को वीआरएस देना है। एआईएमआईएम इन दोनों पार्टियों के बीच फेवीकोल का काम कर रहा है। सीएम ने याद दिलाया कि 26 नवंबर को केंद्र में कांग्रेस शासन के समय मुंबई हमला हुआ था, लेकिन आज किसी की हिम्मत नहीं है कि वह भारत की तरफ आंख उठाकर देख सके। आरोप लगाया



कि केसीआर व बीआरएस के लोग केंद्र से आने वाले पैसे को खा जा रहे हैं।

**अयोध्या में राम मंदिर दर्शन करने आइए, स्पेशल ट्रेन चलवाने की भी व्यवस्था करेंगे**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नमस्कारम तेलंगाना के अभिवादन के साथ ही महबूबनगर (पालामुरू) क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एपी मिथुन कुमार रेड्डी, देवरकद्रा से प्रशांत रेड्डी, कोडांगल से बंटू रमेश, शदनगर से अंडे बाबैया, जडचेरला से चितरंजन दास, नारायणपेट से रतंग पाडुं रेड्डी, मक्थल से जलंधर रेड्डी को विधानसभा भेजने का आह्वान किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सैकड़ों जवानों ने आहुति देकर तेलंगाना का निर्माण किया। कांग्रेस भावनाओं से खिलवाड़ करती रही तो केसीआर के नेतृत्व में बीआरएस ने यहां के सपनों को धूलधूसरित कर दिया। टीआरएस ने नाम बदलकर बीआरएस रख लिया। जिन्हें समय पहले छुट्टी दी जाती है, उन्हें वीआरएस दिया जाता है। केसीआर को भी छुट्टी देनी है, इसलिए आप लोगों को उन्हें वीआरएस देना है। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम कांग्रेस और बीआरएस के बीच फेवीकोल है। इन्हें खारिज कर आपको कमल खिलाना है। सीएम ने विश्वास दिलाया कि हम आएंगे तो महबूबनगर को पालामुरू के रूप में स्थापित करेंगे। आप अयोध्या में राम मंदिर दर्शन करने आइए, स्पेशल ट्रेन चलवाने की भी व्यवस्था करेंगे।

**कांग्रेस के समय 26 नवंबर को मुंबई पर हुआ था आतंकी हमला, आज कोई आंख नहीं उठा सकता**

यूपी के मुखिया ने काल्वाकुर्थी विधानसभा क्षेत्र से टी. आचार्य के लिए कमल खिलाने का निवेदन किया। बोले- परिवारवाद, तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार ने तेलंगाना को खोखला बना दिया है। यहां खनन, भूमाफिया, पशु, संगठित अपराध में संलिप्त माफिया हैं।

# वॉलीबाल में उरुवा ने जीता गोल्ड मेडल के साथ 51 हजार रुपये की नगद धनराशि

अखंड भारत संदेश

## जिला स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा में मेंजा ब्लॉक की वॉलीबाल टीम बनी उपविजेता



**सिरसा।** मेजा स्थानीय गाँव सोरांवपार्टी के खिलाड़ियों ने वॉलीबाल खेल में विकास खंड उरुवा की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए मा.डॉ.रीता बहुगुणा जोशी द्वारा प्रायोजित सांसद खेल स्पर्धा-2023 की जिला स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता जीतकर जिले में तहसील व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विदित हो कि इसके पूर्व ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता श्री राम प्रताप इंटर कॉलेज सिरसा में संपन्न हुई थी,जिसमें सोरांव यूथ क्लब के खिलाड़ियों ने न्याय पंचायत बेदौली की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में उरुवा ब्लॉक से विजेता होने का गौरव प्राप्त किया था। उसी क्रम में जिला स्तर पर विकास खंड उरुवा की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए स्थानीय सिविल लाइंस स्थित शहर क्षेत्र के के.पी.इंटर कॉलेज प्रयागराज में आयोजित जिला स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा के सेमीफाइनल मैच में नगर दक्षिण क्षेत्र की टीम को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था और जिला स्तरीय प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ब्लॉक मेजा की टीम के साथ खेला गया। जिसमें ब्लॉक उरुवा की टीम ने ब्लॉक मेजा की टीम को 10 - 15, 15 - 11 और 15 - 8 अंकों से पराजित कर सांसद इलाहाबाद द्वारा घोषित 51000 (इक्यावन हजार रुपये) नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। फाइनल मैच के दौरान सांसद डॉ.रीता बहुगुणा जोशी जी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उक्त सांसद खेल स्पर्धा-2023 के वॉलीबाल खेल में विजेता टीम उरुवा ब्लॉक ने 51000 रुपये व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम मेजा ब्लॉक ने 31000 रुपये व ट्रॉफी जीतकर अपने नाम कर ली। उक्त अवसर पर जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज के सचिव आर.पी.शुक्ला, प्रभारी आशीष मिश्रा 'मुन्ना भैया', मेजा ब्लॉक प्रभारी अमरेश तिवारी, जिला खेल अधिकारी म्योहाल संदीप गुप्ता, पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी जॉर्डन.एच.नाथ व जिला वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष प्रभात राय आदि लोग उपस्थित रहें। तत्पश्चात गाँव के वॉलीबाल खिलाड़ियों का हौसला अफ़ज़ाई करने के लिए सोरांव गांव के वॉलीबाल खेल मैदान पर मेजा ब्लॉक प्रभारी अमरेश तिवारी, उरुवा ब्लॉक प्रभारी तपस्वी तिवारी, सोरांव यूथ क्लब के अध्यक्ष राहुल द्विवेदी, व्यापार मंडल मेजारोड के अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय व प्राथमिक शिक्षक संघ मेजा के अध्यक्ष मनीष तिवारी आदि लोगों ने पहुँचकर वॉलीबाल खिलाडियों को विजेता होने पर अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी।

## चार दिनों के बाद दुराचार के पीड़िता का पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक विवाहिता के साथ बीस नवम्बर को रिश्ते के भाई ने घर में घुस कर दुराचार करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।दूसरे दिन थाने में तहरीर देने पर पुलिस जांच के नाम पर खूब जांच की। रविवार को पीड़िता को अकेले में रखकर जबरियन सुलह होने का दबाव बनाया गया।न मानने पर देर शाम मुकदमा दर्ज कर विकलांग दुराचारी को मेहमान बना कर थाने में रखा गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक विवाहिता को परिजनों की गैर मौजूदगी में रिश्ते के भाई ने जबरियन दुराचार किया।कहीं बोलने पर हत्या की धमकी दे कर भाग गया। पीड़िता अपने परिजनों के साथ 21 नवम्बर से थाने में तहरीर देकर थाने का चक्कर लगा रही थी।

आरोप है कि रविवार को पीड़िता को थाने में बुलाकर जबरियन सुलह कराने का असफल प्रयास हल्का दरोगा कर रहा था।जब पीड़िता अपनी जिद पर अडी रही तब कहीं जाकर देर शाम को मोहम्मद कय्यूम पुत्र ननकई ग्राम गजेहडा देल्हूपुर प्रतापगढ़ के खिलाफ दुराचार सहित अनेकों धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

## न्यूज झरोखा

### गोपियों की तरह भगवान से होना चाहिए प्रेम : विशुद्धानंद जी




**सहसों।** क्षेत्र के चंदौहां गांव में आयोजक दिनेश कुमार द्विवेदी व देवदत्त द्विवेदी के संयोजन में संगीत मय चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास विशुद्धानंद रूद्रावर्त ने महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का सजीव वर्णन करते हुए कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। भगवान ने महारास के लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर निधिवन में गोपियों के साथ अद्भुत महारास का लीला रचाया। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां सुध-बुध खोकर कृष्ण प्रेम की दीवानी हो गई। कथा व्यास ने कहा हर मानव को चाहिए कि भगवान से प्रेम करना है तो गोपियों की तरह प्रेम करें तभी सांसारिक जीवन से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। कथा व्यास ने कथा अनुरागी भक्तों को श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। कथा व्यास द्वारा सुंदर प्रसंग सुनकर उपस्थित श्रद्धालु श्रोता नर नारियों सहित पूरा पंडाल भक्ति मय हो गया। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान शांता द्विवेदी एवं पंडित सुरेश कुमार द्विवेदी ने परिवार समेत व्यास पीठ, भागवत भगवान, आवाहित देवी देवताओं एवं यज्ञ मंडप की आरती उतारी। तत्पश्चात श्रद्धालु भक्तों में प्रसाद का वितरण कराया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से पंडित यज्ञनारायण द्विवेदी, पंडित सत्यनारायण द्विवेदी, पंडित रमेश कुमार द्विवेदी, विनोद कुमार, संतोष कुमार, ब्रह्मदेव, संजय कुमार, इन्द्रेश द्विवेदी, शिव प्रकाश तिवारी, कृष्ण मोहन तिवारी, देवराज उपाध्याय, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, चिंतामणि शुक्ला, पंडित दिनेश चन्द्र तिवारी, ठाकुर राजकुमार सिंह परिहार सहित काफी संख्या में श्रद्धालु श्रोता भक्ति नर नारियों ने उपस्थित रहकर कथा का रसपान किया।

### सांझ ढलते ही आवारा मवेशी सड़को पर डाल देते है डेरा



**मांडा।** इन दिनों यमुनापार क्षेत्र के राजमार्गों पर आवारा गोवंशों व मवेशियों के चलते राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। जिससे सड़को पर दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। मांडा क्षेत्र के बीपी प्रतापपुर व प्रयागराज- मिजार्पुर राजमार्ग के अलावा मांडारोड, दिघिया,हाटा, सुरवा चौराहा, सिकरा,भरारी, राजापुर, मांडा खास, गिरधरपुर, खवास का तारा आदि तमाम सड़कों पर मवेशियों और गोवंशों का जमावड़ा लगा रहता है। बड़े वाहन चालकों को रात में सड़क पर डेरा जमाये मवेशियों को सड़क पर वाहन रोककर इन्हें हटाने के बाद ही आगे की यात्रा करनी पड़ती है। दोपहिया वाहन चालक भी अक्सर चोटहिल होते हैं। मांडा सीएचसी परिसर में सांझ होते ही ऐसे आवारा मवेशी डेरा डाल देते हैं, जिससे सीएचसी भी पशु अस्पताल या पशुबाड़े जैसा हो जाता है ।

### पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अभियुक्त गिरफ्तार



**खीरी।** पशु क्रूरता मामले में खीरी पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गस्त वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा आरोपी के वाहन से बीस गोवंश बरामद किया गया। थानाध्यक्ष खीरी धीरेंद्र कुमार सिंह द्वारा बतया गयाि कि पुलिस गस्त के दौरान थाना अंतर्गत देवीबांध के सामने सड़क के पास से वाहन और अभियुक्त प्रमोद कुमार सिंह पुत्र छवीनाथ सिंह निवासी बेलौड़ी थाना जसा जनपद वाराणसी को गिरफ्तार किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान पशुओं को बड़े ही निर्दयता पूर्वक वाहन में लादे गए थे। अभियुक्त प्रमोद कुमार सिंह एवं पकड़े गए वाहन ट्रक यूपी 63 टी 2575 को थाना परिसर लाया गया। विधिक कार्यकारी कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय प्रयागराज भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक भप्पी सोनी कांस्टेबल धनंजय वर्मा, यतेंद्र कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### चक्कर आने पर बाइक खडी करके लेट गया होश आने पर बाइक नदारद

**मऊआइमा।** बाइक मालिक से बाइक उधारी लेकर घर आ रहे युवक को अचानक चक्कर आ गया।वह बाइक खडी कर लेट गया।होश आने पर बाइक नदारद थी। भुक्तभोगी ने थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीपुर फतेहशाह का पूरा निवासी सूरज यादव पुत्र बृजमोहन बैंक रोड पर अपने मालिक अभिनवप्रताप सिंह की बाइक उधारी लेकर घर वापस शनिवार को आ रहा था।सूरज यादव का कहना है कि उसे अचानक चक्कर आ गया तो वह सरैंया नहर के पास बाइक खडी कर सडक के किनारे लेट गया।होश आने पर बाइक नदारद थी। सूरज यादव ने मऊआइमा थाने में रविवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

## बबा महराज की पचासों बीघे जमीन पर न हो कोई भी निमार्ण : संजय शुक्ला



**मेजा।** मेजा के परानीपुर स्थित बबा महराज की खाली पड़ी पचासों बीघे जमीन पर कोई भी निर्माण न होने की मांग उठी है। निषादराज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव संजय शुक्ला ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताया कि परानीपुर में उसने एक ट्रस्ट का पंजीकरण कराया है, जो औम श्री सुदिष्ट ब्रहम ट्रस्ट के नाम से है, उनके ग्राम पंचायत में कुल चार स्थान पर सुदिष्ट ब्रहम बाबा का मंदिर है, और चारों स्थान पर ब्रहम बाबा के नाम पचासो बीघे जमीन खाली पड़ी है, जिसमें मवेशियों के चारागृह व बच्चों के खेल-कूद के काम में आती है और स्थानीय लोगों में यह मान्यता है, कि बाबा महराज की भूमि पर अगर एक धूर भी जमीन कोई बगल का कास्तकर जोत लेता है, तो उसका बहुत बड़ा नुकसान व अनिष्ट हो जाता है, कोई भी व्यक्ति जान - अनजान में उपरोक्त चारों खाली पड़ी जमीन में अगर कोई पेशाब कर देता है, तो उसे बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है, ऐसा होता भी है, ऐसी स्थिति में बाबा महराज के समाधि स्थल पर प्रत्येक रविवार को मेला लगता है और लाखों की भीड़ होती है, और विशाल मेला लगता है, यही नहीं कई जिलों से लोग बड़ी आस्था व विश्वास का केन्द्र बबा महराज का मंदिर बन चुका है। उन्होंने बताया कि लेखपाल द्वारा जानकारी मिली है, कि बबा महराज की आराजी संख्या - 2124 परानीपुर उपरहार में जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा गोवंश में सुरक्षित कर दी गयी है, यह खबर आग की तरह क्षेत्र में व्याप्त हो गयी है, जिससे जनता में कोई बड़ा अनहोनी न हो जाए, जिससे जनता में आक्रोश व्याप्त है, ऐसी स्थिति में जनहित में उक्त बबा महराज के परेठ में कोई भी अभी निर्माण नही किया जाए।उन्होंने बताया कि चूँकि खसरा वर्ष - 1982 में सम्पूर्ण परेठ के आराजी संख्या पुराना न० 1149, 1815, 1192,705 आदि जमीन ब्रहम बाबा के नाम दर्ज है, यह लगभग 400 वर्ष पूर्व से बबा महराज की भूमि उनके नाम से है, और यहा कि स्थानीय जनता में जिलाधिकारी द्वारा पट्टा दिए जाने को काफी भयभीत है। उन्होंने बबा महराज की जमीन पर कोई भी निर्माण न होने की मांग की है।

## अवंतिका कालोनी की समस्याओं को लेकर आयोजित नागरिकों की बैठक संपन्न



**नैनी।** नैनी अवंतिका विकास समिति के तत्वावधान में अवंतिका कालोनी के नागरिकों की बैठक रामलीला पार्क में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता शिव शंकर पांडेय एवं संचालन बद्री प्रसाद मिश्र ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों ने कालोनी की अनेक समस्याओं के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि पार्को एवं गलियों मे लगी लाइटे बुझी होने से अंधेरा छाया रहता है जिससे नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों का आरोप है कि जबसे कालोनी नगर निगम मे शामिल हुई है तब से सफाई व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। नियमित सफाई कर्मियों की व्यवस्था नही है। विद्युत तारों को छू रही खतरनाक पेड़ों की डालो को काटना जरूरी है। गलियो के चौराहो पर स्पीड ब्रेकर न होने से अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है। कालोनीवासी आवारा पशुओं एवं कुत्तों से बहुत ही परेशान हो रहे हैं। नालियो के अभाव मे पानी निकासी की समस्या बनी हुई है। बैठक मे विशेष रूप से उपस्थित नगर निगम के पार्षद रण विजय सिंह ने समस्याओं के सम्यक समाधान हेतु समिति का पूर्ण सहयोंग करने का आश्वासन दिया। समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि अवंतिका कालोनी की समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र ही नगर निगम व सम्बंधित अधिकारियों से मिलकर समाधान कराने में लोगों से समिति का सहयोग करने का आवाहन किया। बैठक में एन पी मिश्र, डी के सिंह, अनिल कुमार मिश्र, आशुतोष मिश्र, अखिलेश सिंह, मीना जायसवाल, अनिता केसरवानी, गंगा प्रसाद ठाकुर, विकास मिश्र, शुभम पाण्डेय आदि शामिल रहे।

## रामचरितमानस पाठ के उपरांत किया गया है हवन यज्ञ



**सहसों।** क्षेत्र के भोपतपुर रामलीला प्रांगण में संगीत मय अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। तत्पश्चात मानस पाठ के उपरांत हवन यज्ञ आचार्य विद्वान पंडित पवन कुमार त्रिपाठी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से संपन्न हुआ। आयोजक शिवकुमार सोनी पत्नी सीता सोनी के साथ श्री रामचरितमानस पाठ के पूणार्हुति पर विधि विधान से आवाहित देवी देवताओं एवं यज्ञ कुण्ड की पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धा भक्ति के साथ आहुतियां डाली तथा काफी संख्या में आदि भक्ति नर नारियों ने भी यज्ञ कुण्ड में आहुतियां डालीं। तत्पश्चात भक्तों एवं ग्रामीणों में प्रसाद का वितरण कराया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से राजकुमार सोनी, राम कुमार सोनी उर्फ पुट्टीलाल, लाल जी प्रजापति, सतीश विश्वकर्मा, रमेश शर्मा, कुवंर बहादुर, शिवम सोनी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, धीरेंद्र सिंह, सूर्य यादव एवं मुकेश विश्वकर्मा सहित आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

## हसीन मुश्ताक हुए सम्मानित क्षेत्र में खुशी का माहौल




**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड के महरौंडा गांव निवासी हसीन मुश्ताक को एम डी आर टी भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा सम्मानित किया गया। बताया गया कि तीन वर्षों से लगातार एमडीआरटी भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता हसीन मुश्ताक को वरिष्ठ मंडल प्रबंधक कुमार कुंदन, मार्केटिंग मैनेजर विश्णू प्रताप मिश्रा ने सम्मानित किया। हसीन मुश्ताक को सम्मानित किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।इस अवसर पर मेराज आरिफ, नूरुद्दीन सैफी,सईद अहमद,उबैद,अशोक, गुड्डू,रूहुल फैय्याज,जय प्रकाश, शंकर लाल आदि ने खुशी व्यक्त की है।

# मैं नेता नहीं आपके परिवार का सदस्य बनने आया हूं : डा संगम मिश्र

**यमुनापार की जनता की सेवा का संकल्प ही मूल उद्देश्य है , समाजसेवी ने अंतहिया गांव में ब्यापक पैमाने पर किया जनसंपर्क**




**मेजा।** यमुनापार की जनता की सेवा का संकल्प ही मेरा मुख्य उद्देश्य है मैं नेता नहीं आपके परिवार का सदस्य बनकर सेवा करने आया हूं। उक्त उद्गार वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी डा संगम मिश्र ने करछना के अंताहिया गांव में समर्थकों संग डोर टू डोर जनसंपर्क करने दौरान ब्यक्त किया। उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा चल रही योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि उज्जवला योजना के तहत बड़ी संख्या में गरीब परिवारों को फ्री में गैस सिलेंडर बांटे गए हैं जिसका सबसे बड़ा फायदा उन गरीब माताओं बहनों को हुआ जो धुएं में खाना बनाने को मजबुर थी। श्री मिश्र ने आगे कहा कि मोदी सरकार ही एक मात्र ऐसी सरकार है जो गरीबों और वंचित लोगों के लिए अनेक लाभकारी योजनाएं कोरॉना काल से अब तक लागू किया है। इस दौरान डा मिश्र जहां राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय के घर शोक संवेदना ब्यक्त किया वहीं कचरी गांव में प्रबंधक सुशील कुमार पटेल के यहां त्रयोदशाह कार्यक्रम में शामिल हुए। तत्पश्चात मानस शिखर सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित रामचरित मानस प्रवचन के भव्य आयोजन में सरीख हुए जहां विश्व हिन्दू परिषद मार्गदर्शक मंडल के राष्ट्रीय सदस्य महंत रामरतन दास जी महराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर राजाराम चौधरी शशिकांत शुक्ल सेंट्रल एकेडमी के डायरेक्टर एस के त्रिपाठी दिलीप शुक्ल सोनू शुक्ल घनश्याम मिश्र दिव्यांशु वर्मा तथा विजय प्रकाश के अलावा सैकड़ों लोग प्रमुंख रूप से मौजूद रहे।

## कॉलेज में बाल मेले के आयोजन में बच्चों ने की खूब मस्ती

**बी एल पब्लिक स्कूल में छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए डिजिटल लाइब्रेरी और कंप्यूटर लैब का हुआ उद्घाटन**

**घूरपुर।** क्षेत्र के पूरेखगन गांव स्थित बी एल पब्लिक इंटर कॉलेज में शुक्रवार के दिन बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेले में खेलकूद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमे विद्यार्थियों ने खूब मस्ती की। बाल मेले के स्टॉल पर विभिन्न लाजीज व्यजनो का भी लुत्फ उठाया। इस बीच कालेज के संचालक पुष्पराज सिंह ने विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए कॉलेज में डिजिटल लाइब्रेरी एवं कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया। प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने आयोजित बाल मेले का महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने मौजूद अभिभावको को धन्यवाद अर्पित किया। बाल मेले में समस्त शिक्षक और शिक्षिकाए शामिल रही।

## विधवा के घर में घुसकर दबंगो ने की तोड़फोड़ मारपीट फर्नीचर की दुकान का ताला तोड़ा

**मेजा।** एक विधवा महिला के घर में घुसकर कथित दबंगों द्वारा मारपीट तोड़फोड़ के साथ साथ फर्नीचर की दुकान का ताला तोड़ने और अपना ताला लगाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता विधवा शमा बेगम ने सहायक पुलिस आयुक्त को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। प्रकरण कोहड़ार गांव का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के उक्त गांव की रहने वाली विधवा शमा बेगम पत्नी स्व शमीम कुरैशी ने रविवार को ए सी पी मेजा को दी गई तहरीर में इस बात का उल्लेख करते हुए लिखा है कि उसके गांव के ही दबंग सगीर रवि भोलू उर्फ समीर रविवार को सुबह लगभग साढ़े 6 बजे पूर्व की रंजिश को लेकर उसके घर में घुसे उस वक्त उसके घर में कोई पुरुष नहीं थे विधवा के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट किए उसके घर में रखा सामानों को तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिए इतना ही नहीं ए सी पी मेजा को दी गई शिकायत में विधवा ने आरोप लगाते हुए यह भी लिखा है कि उसके विरोध करने पर सभी लोग उसकी हत्या करने की भी धमकी दिए हैं। प्रकरण के बाबत शमा बेगम की बातों को सच माना जाय तो उसका कहना है कि घर में मारपीट तोड़फोड़ करने वाले दबंगो का इतने से मन नहीं भरा तो जाते समय कुछ दूरी पर स्थित उसके सगे देवर की फर्नीचर की दुकान का ताला तोड़कर सम्पूर्ण सामग्री बाहर फेंक दिया और दुकान में अपना ताला जड़ दिया है। महिला ने बताया की घटना की सूचना 112 की पुलिस को भी दी जा चुकी है। गौरतलब है कि महिला के अनुसार उक्त घटना को अंजाम देने वाले आरोपीगण काफी शोरे पुष्त एवं अपराधी किष्म के है। हालाकि विधवा के शिकायती पत्र को गंभीरता से लेते हुए ए सी पी विमल किशोर मिश्र ने कार्यवाही किए जाने का भरोसा दिया है।

# फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ बने बीओसी बोर्ड में प्रचार समिति के अध्यक्ष

**श्रमिकों के हितार्थ योजनाओं में गड़बड़ी करने वालों पर कसेगा शिकंजा**

**कोरांव।** फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार व प्रमुख सचिव श्रम सेवायोजन एवं खनन विभाग उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा उप समिति का गठन करते हुए योजनाओं का क्रियावनयन आकलन एवं प्रचार प्रसार समिति का प्रदेश ही नहीं देश में श्रमिकों के हकों की लड़ाई लड़ने वाले राजनाथ को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जिसको बीओसी बोर्ड की सचिव सुश्री निशा अनंत के द्वारा जारी कर दिया गया है। यह समिति पूरे प्रदेश के श्रमिकों के हित में संचालित योजनाओं के मुद्दे पर बोर्ड को और अध्यक्ष को समय-समय पर अपने सुझाव देगी। बीओसी बोर्ड प्रचार प्रसार समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष राजनाथ ने कहा है कि श्रमिकों के हितार्थ जनकल्याणकारी योजनाओं में गड़बड़ी करने वाले लोगों पर शिकंजा कसा जाएगा। कमियां मिलने पर उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की संस्तुति भी कराई जाएगी। प्रयागराज जनपद के श्रमिक बाहुल्य इलाके बारा और कोरांव के श्रमिकों के हितार्थ बाल मजदूरी उन्मूलन पर लंबे समय से काम करने वाले वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता राजनाथ को अध्यक्ष बनाए जाने पर स्थानीय श्रमिक प्रतिनिधियों श्रमिकों ने बधाई दी है। नवनियुक्त अध्यक्ष राजनाथ का प्रयागराज जनपद के यमुनापार इलाके से गहरा नाता है। इनके अध्यक्ष बनने से श्रमिकों तथा अन्य गणमान्य लोगों में खुशी की लहर है।

# भारतीय संविधान ने दिया सभी को जीने का अधिकार : रविंद्र जाटव



**कोरांव।** संविधान दिवस के रूप में विधानसभा कोरांव अंतर्गत हरदिहा साजी बसहरा समेत विभिन्न ग्राम सभाओं में तमाम संगठनों एवम स्थानीय समाजसेवियों द्वारा पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और जगह जगह शोभा यात्रा का आयोजन हुआ। इसी क्रम में ग्राम सभा हरदिहा में त्रिलोकी नाथ जैसल द्वारा संविधान दिवस के मौके पर एक विशाल सभा का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रविंद्र जैसल जाटव प्रधान एवम महासचिव विधानसभा कोरांव समाजवादी पार्टी ने कहा कि भारतीय संविधान भारत का सबसे बड़ा ग्रंथ है और भारतीय संविधान ही एक समता मूलक समाज की स्थापना करता है और समाज में ऊंच नीच भेद भाव छुआ छूत से छुटकारा देने का अधिकार देता है भारतीय संविधान पर देश की एक सौ चालीस करोड़ जनता गर्व करती है। लेकिन जिस प्रकार से वर्तमान सरकार संविधान के साथ आए दिन छेड़ छाड़ करती रहती है इसका परिणाम आने वाले दिनों में भयानक रूप लेगा आज जरूरत है की संविधान की रक्षा के लिए दलित पिछड़ा समाज एकजुट होकर सरकार को सत्ता से बेदखल करने का कार्य करे ताकि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अधूरे सपनों को पूर्ण किया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता शेर बहादुर सिंह पटेल पूर्व प्रधान एवम संचालन त्रिभुवन नाथ जैसल ने किया। सभा में मुख्य रूप से गायक सुनील लहरी अक्षय जैसल लाल चंद्र जैसल गौरी शंकर धर्मराज पटेल सतेंद्र कुशवाहा शंकरी लाल सुनार मुंशी लाल कोल छोटे लाल विधार्थी जय कुमार कुशवाहा लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा विनोद कुमार राम अरख राजेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



## मांडा थाना प्रांगण में संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई

**मांडा।** संविधान दिवस के शुभ अवसर पर पहली बार यह कार्यक्रम इन्स्पेक्टर मांडा संजय संधु द्वारा थाना प्रांगण में संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। रविवार 26 नवम्बर ह्लसंविधान दिवसह्व के रूप में मनाया गया और संविधान निमार्ता डॉ साहब भीम राव अंबेडकर के छाया चित्रों पर पुष्प माल्यार्पण अर्पित किया। इस अवसर थाना मांडा प्रभारी निरीक्षक श्री संधु द्वारा पुलिस कार्यालय प्रांगण में समस्त पुलिस कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाकर भारत को एक लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा समस्त नागरिकों को सामाजिक,आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए एवं राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित कराने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों को प्रेरित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में दिघिया चौकी प्रभारी व भारतगंज चौकी प्रभारी दुर्गेश सिंह , एसआई शैतान सिंह,शहनवाज आलम, रितेश कुमार यादव आदि के साथ महिला कांस्टेबल शामिल रही।



## लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मत के प्रति रहे सजग : सांसद केसरी देवी

**हनुमानगंज।** संविधान दिवस पर फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल ने संसदीय क्षेत्र के उमरी तथा सरायहुसैना गांव में चौपाल लगाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से आवाम को अवगत कराया तथा पात्रों को योजनाओं से लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। सड़क, बिजली, पानी, नाली जैसी मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के लिए लोगों से आवेदन भी मांगे। सांसद ने उपस्थित लोगों से लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मतों के प्रति सजग रहने की अपील की। युवा कार्यकताओं से प्रत्येक मतों का महत्व समझाते हुए सभी पात्र वोटरों को नाम मतदाता सूची में शामिल कराने पर जोर दिया। इस दौरान वीरेंद्र बहादुर सिंह, मृगेंद्र सिंह, रतनराज सिंह, अनिल सरोज, संजय सिंह, प्रधान शांती सरोज, अंकित सरोज, सुदीप सरोज, राम खेलावन पटेल, विनय सिंह, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, राजेश सरोज, जितेन्द्र पटेल आदि शामिल रहे।

# नैनी केंद्रीय कारागार का न्यायमूर्ति व जिला जज ने किया औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

## अचानक अधिकारियों के जेल पहुंचने से मचा रहा हड़कंप



**नैनी।** नैनी केंद्रीय कारागार का न्यायमूर्ति व जिला जज ने उच्चाधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में न्यायिक अधिकारियों के साथ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। औचक निरीक्षण से जेल में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने जेल की व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही रसोई और बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों का हाल जाना। न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व जिला जज संतोष कुमार राय ने बड़ी संख्या में न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रविवार को नैनी केंद्रीय कारागार का औचक निरीक्षण किया। रविवार को अचानक अधिकारियों के जेल पहुंचने से खलबली मच गई। नैनी जेल के भीतर व्यवस्थाओं का अधिकारियों ने जायजा लिया। न्यायमूर्ति ने सर्किल व बैरकों का निरीक्षण और भोजन की व्यवस्था को देखा। उन्होंने जेल में साफ सफाई की स्थिति को देखा और बढ़ती बीमारियों से बचाव के लिए दवाओ के छिड़काव के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ सर्किल नंबर चार में घहनता से निरीक्षण किया। सर्किल के सभी बैरकों में बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होने महिला बैरक में जाकर महिला बंदियों के रहन सहन को देखा और उनकी समस्याओ को सुना। प्रशासनिक जज के साथ जिला जज संतोष राय, एडीजे लक्ष्मीकांत राठौर, अनिरुद्ध कुमार तिवारी, दिनेश चंद शुक्ला और एडीजे सचिव सुभाष चंद्र मौर्य भी निरीक्षण करने पहुंचे थे। करीब दो घंटे निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्किल चार, पाकशाला, जेल अस्पताल तथा महिला जेल को देखा। इस दौरान महिला जेल में बंद उनके बच्चों को प्रशासनिक जज संगीता चंदा ने फल और मिठाइयां बांटीं। निरीक्षण के दौरान जेल में सब कुछ सामान्य रहा। अधिकारियों की टीम ने बंदियो के साथ बातचीत की तथा उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जाना। न्यायिक अधिकारियों की टीम के साथ डीसीपी यमुनानगर, एडीएम सिटी, एसीपी करछना भी मौजूद रहे।

## महिला अफसर से दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी नायब तहसीलदार पहुंचा हाईकोर्ट, एफआईआर को दी है चुनौती

**प्रयागराज।** बस्ती जिले में तैनात महिला अधिकारी से दुष्कर्म की कोशिश करने के मामले में इनामिया घोषित हो चुके नायब तहसीलदार घनश्याम शुक्ला ने गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। 23 नवंबर को याचिका दाखिल कर एफआईआर को चुनौती दी है। मामले की सुनवाई अगले हफ्ते होगी। हालांकि, मुख्यमंत्री द्वारा मामले का संज्ञान लिए जाने के बाद से पुलिस नायब तहसीलदार की गिरफ्तारी के लिए बस्ती से लेकर दिल्ली तक की खाक छान मार रही है।प्रकरण प्रकाश में आने के बाद तहसीलदार को निलंबित कर दिया गया। मामले की विस्तृत जांच लखनऊ के मंडलायुक्त को सौंपी गई है। दूसरी ओर महिला अफसर का कलम बंद बयान दर्ज होने के बाद सीजेएम कोर्ट ने नायब तहसीलदार की गिरफ्तारी के लिए गैरजमानती वारंट भी जारी किया है। पुलिस ने तहसीलदार पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया है।

# चार लाख दीपों से संगम पर बिखरेगी देव दीपावली की स्वर्णिम आभा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** त्रिवेणी संगम के तट पर दीपों की श्रृंखलाएं सजने के लिए तैयार हैं। सोमवार को इस बार तरह-तरह के भावों, परिकल्पनाओं को दीपमालाओं में साकार किया जाएगा। संगम से लेकर घरों की छतों, द्वारों पर तो दीप जलेंगे ही, शहर के चौराहे भी जगमग होंगे। मौका होगा देव दीपावली का। इस दीपोत्सव को यादगार बनाने के लिए घर-घर से लोग निकलेंगे।संगमनगरी में देव दीपावली पर चार लाख से अधिक दीये जलाए जाएंगे। इसके लिए संगम क्षेत्र को 15 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। डीएम नवनीत सिंह चहल ने सेक्टरवाइज अफसरों की जिम्मेदारी तय करने के साथ ही विभागवार दीपमालाएं सजाने के लक्ष्य निर्धारित किया है। दीपों से वीआईपी किला घाट से लेकर संगम नोज तक को तरह-तरह के भावों में प्रज्जवलित किया जाएगा। गंगा, यमुना और विलुप्त सरस्वती की त्रिवेणी की सुरम्य लहरों पर भी दीपों की लड़ियां इतराएंगी।दीपोत्सव की इस अनुपम छटा का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। कहीं सेंड आर्ट के रूप में रेती पर थीम आधारित कृतियां उकेरी जाएंगी, तो कहीं गंगा-यमुना की संगीतमय आरती से इस मौके को खास बनाया जाएगा। इस दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण के अलावा जिला प्रशासन के अधिकारियों ने व्यापक तैयारियां की हैं। यमुना के बलुआघाट पर बारादरी पर दीपोत्सव की छटा निहारने लायक होगी। इसके अलावा, गऊघाट, ककरहा घाट, गंगा के रामघाट, दारागंज घाट, महावीर मार्ग, अक्षयवट मार्ग, वीआईपी किला घाट समेत संगम की समत रेती पर भी दीप जलाए जाएंगे। इस दीपोत्सव में प्रशासन की ओर से विभागवार दीप जलाने की जिम्मेदारी तय की गई है। व्यापारियों, सामाजिक , शैक्षणिक संगठनों का भी आह्वान किया गया है। घाटों की जिम्मेदारी संभालने वाली संस्थाएं और सरकारी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी सुबह नौ बजे तक तैयारियों में जुट जाएंगे। शाम तीन बजे तक दीपोत्सव के लिए लोग अपनी-अपनी जगह पक्की कर लेंगे। जय त्रिवेणी जयप्रयाग आरती समिति की ओर से रंगोली प्रतियोगिता के बाद 11 हजार दीप जलाए जाएंगे। कहीं स्वास्तिक तो कहीं भारत माता की जय और वंदे मातरम के रूप में दीये जलाए जाएंगे। शहीदों के शौर्य, पराक्रम के भाव भी दीपों में सजाए जाएंगे। दीपोत्सव के लिए तेल-बाती के इंतजाम कर लिए गए हैं।

### काशी की तर्ज पर सजेगी दीपों की श्रृंखला

काशी की तर्ज पर इस बार प्रयागराज में देव दीपावली मनाई जाएगी। इसके लिए इस बार दीपोत्सव के समय संगीतमय भव्य गंगा आरती भी मेला प्रशासन की ओर से कराई जाएगी। देव दीपावली पर गंगा पूजन और दीपोत्सव के समय त्रिवेणी की आरती के लिए भव्य मंचन बनाया गया है। इस दौरान संगीतमय प्रस्तुतियां भी होंगी।

# बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की हुई चोरी



**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के धूमनगंज थाना क्षेत्र के चकिया कसारी मसारी अंतर्गत आनंदपुरम कॉलोनी में एक मकान में बीती रात लाखों की चोरी हो गई। चोरों ने लाखों के जेवरात चोरी कर लिए। रविवार सुबह किराएदार रॉबिन कोलेस्ट्रन ने मकान मालिक संतोष द्विवेदी सहायक निबंधक/न्यायपीठ सचिव उच्च न्यायालय इलाहाबाद खंडपीठ लखनऊ को सूचना दी।बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने सोने चांदी के जेवरात समेत लाखों के समान पर कर दिए। घटना की जानकारी होने पर 26 नवंबर को सुबह संतोष द्विवेदी के किराएदार रॉबिन कोलेस्ट्रन ने इलाकाई पुलिस को लिखित सूचना दी। मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक राजरूपपुर विवेक कुमार सिंह छानबीन कर वापस लौट गए। रॉबिन का कहना है कि वह मूल रूप से शहर के हिम्मतगंज के रहने वाले हैं। यहां वह किराए पर रहते हैं।जुलाई 2023 में उच्च न्यायालय इलाहाबाद लखनऊ खंडपीठ के सहायक निबंधक संतोष द्विवेदी के आनंदपुरम स्थित मकान को किराए पर लिया था। जहां वह अपनी बेटी और पत्नी के साथ रहता है। 22 नवंबर को वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ किसी काम से दिल्ली गया था। 26 नवंबर को जब वह वापस लौटा तो उसके किराए के मकान का ताला टूटा मिला।अंदर सारे सामान बिखरे हुए थे। अलमारी का लॉकर तोड़कर चोरों ने सोने और चांदी के जेवर, नगदी, कपड़े, बर्तन व अन्य सामान उड़ा दिए थे। इस संबंध में उसने धूमनगंज थाने में लिखित सूचना दी। फोन पर प्रभारी निरीक्षक धूमनगंज राजेश कुमार मौर्या और एसीपी धूमनगंज वरुण कुमार, डीसीपी नगर दीपक भूकर को जानकारी दी है।

# मण्डलायुक्त ने की राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

## निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कार्यक्रम

**मण्डलायुक्त ने राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची को त्रुटि रहित एवं शुद्ध बनाये जाने में सक्रिय सहयोग दिए जाने की अपेक्षा की**

**मतदान केन्द्र/मतदेय स्थलों पर फार्मों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश**



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत रविवार को संगम सभागार में चल रहे विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए आगामी निर्वाचन में प्रयोग में लायी जाने वाली मतदाता सूची को सभी पहलूओं से त्रुटि रहित एवं शुद्ध बनाये जाने के सम्बंध में उनके सुझाव प्राप्त करते हुए उनसे सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की। मण्डलायुक्त ने पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान की तिथियों पर बीएलओ को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए है। बैठक में बताया गया कि आगामी 02 और 03 दिसम्बर को भी पुनरीक्षण अभियान की विशेष तिथियां रहेंगी। बैठक में बताया गया कि दावे और आपत्तियों का निस्तारण 26.12.2023 तक एवं निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 05.01.2024 को किया जायेगा। मतदाता सूची में नये मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फार्म-6, एन0आर0आई0 मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फार्म-6 ए, मतदाता सूची में नाम विलोपित करने के लिए फार्म-7 एवं मतदाता सूची में सम्मिलित मतदाताओं की प्रविष्टियों में संशोधन/डुप्लीकेट के लिए फार्म-8 निर्धारित है। बैठक में उप निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, सभी एसडीएम, अपर नगर मजिस्टेट सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा...

### महाधिवक्ता ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश को दी भावभीनी विदाई



**प्रयागराज।** प्रदेश के महाधिवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार मिश्र ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर को आज रविवार 26नवंबर को शाम साढ़े चार बजे उनके आवास पर जाकर भावभीनी विदाई दी।और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महाधिवक्ता ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया और कहा कि उनका कार्यकाल अत्यंत सराहनीय एवं उपलब्धियों भरा रहा। न्यायिक व्यवस्था में मूलभूत सुधार हुए। नई तकनीकी का इस्तेमाल कर त्वरित न्याय का मार्ग प्रशस्त किया गया। उन्होंने अधिवक्ताओं की तरफ से आभार जताया।

### राज्य स्तरीय जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रयागराज की टीम का तीसरा स्थान आने पर संघ ने किया सम्मानित



**नैनी।** नैनी खिलाड़ियों का किया गया स्वागत विगत दिनांक 6 से 9 नवंबर तक जौनपुर के स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न हुए जूनियर राज्य स्तरीय बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया संघ के सचिव कौशल कुमार दीक्षित ने बताया कि टीम की कप्तान चंद पांडे के नेतृत्व में अंशिका सिंह ने बेहतरीन गोलकीपिंग का प्रदर्शन करते हुए टीम को कई मैच में विजई बनाया वही टीम की खिलाड़ी विधि राव अंजलि धुरिया वैष्णवी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को तीसरा स्थान पर काबिज किया लीग मैच में प्रयागराज मंडल ने देवीपाटन आजमगढ़ बस्ती व लखनऊ को विशाल गोलों के अंतर से पराजित किया उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय एवं उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में तीसरा हासिल कर प्रयागराज का नाम रोशन किया प्रतियोगिता में प्रतिभा समस्त महिला खिलाड़ियों को संघ के सचिव कौशल कुमार दीक्षित द्वारा कीट एवं खेल उपकरण देकर सम्मानित किया गया सचिव द्वारा बताया गया कि संघ द्वारा इसी प्रकार बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले समस्त खिलाड़ियों को हमेशा सम्मानित व प्रोत्साहित करते रहेंगे उक्त अवसर पर संघ के कई पदाधिकारी वी खिलाड़ी राम बहादुर सिंह अतुल सिंह मयंक दीक्षित राजकुमार सिंह उपस्थित रहे तथा टीम के सर्वोच्च प्रदर्शन पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमल सिंह व उपक्रीड़ा अधिकारी देवी प्रसाद क्षेत्रीय खेल कार्यालय मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट स्टेडियम प्रयागराज द्वारा सभी टीम के खिलाड़ी एवं पदाधिकारी को हार्दिक बधाई दी।

## कोहरे की वजह से 18 ट्रेनें निरस्त, 24 के बदले फेरे

**प्रयागराज।** एंटी फॉग डिवाइस से रेल इंजनों के लैस होने के बावजूद रेलवे प्रशासन द्वारा संभावित कोहरे को लेकर 18 ट्रेनों को निरस्त किया जा रहा है। साथ ही उत्तर मध्य रेलवे जोन से गुजरने वाली 24 ट्रेनों के फेरे भी घटा दिए गए हैं। इसके अलावा चार ट्रेनों को आंशिक रूप से निरस्त किया गया है।

**इन्हें किया गया है निरस्त :** 12873 हटिया-आनंद विहार-चार दिसंबर से 29 फरवरी 24, 12874 आनंद विहार -हटिया - पांच दिसंबर से एक मार्च 24,14218 चंडीगढ़ -प्रयागराज संगम - एक दिसंबर से 29 फरवरी 24,14217 प्रयागराज संगम - चंडीगढ़- दो दिसंबर से एक मार्च 24,14006 आनंद विहार.-सीतामढ़ी -एक दिसंबर से 29 फरवरी 24,14005 सीतामढ़ी-आनंद विहार - तीन दिसंबर से दो मार्च 24,04056 आनंद विहार.-बलिया - छह दिसंबर से 28 फरवरी 24,04055 बलिया-आनंद विहार - सात दिसंबर से 29 फरवरी 24,04044 (22408) निजामुद्दीन झअम्बिकापुर - पांच दिसंबर से 27 फरवरी 24,04043 (22407) अम्बिकापुर - निजामुद्दीन- सात दिसंबर से 29 फरवरी 24,12210 काठगोदाम-कानपुर संट्रल - चार दिसंबर से 26 फरवरी 24,12209 कानपुर संट्रल-काठगोदाम- पांच दिसंबर से 27 फरवरी 24,12873 हटिया-आनंद विहार- चार दिसंबर से 29 फरवरी 24, तथा 12874 आनंद विहार-हटिया - पांच दिसंबर से एक मार्च 24,22857 संत्रागाछी-आनंद विहार - चार दिसंबर से 26 फरवरी 24,22858 आनंद विहार-संत्रागाछी - पांच दिसंबर से 27 फरवरी 24 तथा 22456 कालका-साईनगर शिरडी - तीन दिसंबर से 29 फरवरी 24,22455 साईनगर शिरडी - कालका - पांच दिसंबर से दो मार्च 24

**इनके कम किए गए हैं फेरे :** रेलवे ने संभावित कोहरे को देखते हुए 24 ट्रेनों के फेरे कम किए हैं। यह व्यवस्था एक दिसंबर से अगले तीन माह के लिए लागू रहेगी। जिन ट्रेनों के फेर कम किए गए हैं, उनका संचालन सप्ताह में एक से चार दिन ही होगा। इन ट्रेनों में 12988 अजमेर-सियालदह, 12987 सियालदह-अजमेर, 22406 आनंद विहार- भागलपुर, 22405 भागलपुर -आनंद विहार, 12505 कामाख्या -आनंद विहार, 12506 आनंद विहार.- कामाख्या, 12226 दिल्ली-आजमगढ़, 12225 आजमगढ़ -दिल्ली, 12571 गोरखपुर-आनंद विहार, 12572 आनंद विहार-गोरखपुर, 12595 गोरखपुर-आनंद विहार, 12596 आनंद विहार -गोरखपुर, 15025 मऊ -आनंद विहार, 15026 आनंद विहार, 15159 छपरा झदुर्ग, 15160 दुर्ग -छपरा, 15083 छपरा झफरुर्खाबाद, 15084 फरुर्खाबाद -छपरा, 15483 अलीपुर द्वार -दिल्ली, 15484 दिल्ली-अलीपुर द्वार, 15705 कटिहार -दिल्ली, 15706 दिल्ली-कटिहार, 15073/ 15075 सिंगरौली/ शक्तिनगर - टनकपुर, 15074/ 15076 टनकपुर - सिंगरौली / शक्तिनगर के फेरे घटाए गए हैं।

# प्रयागराज में हुआ भारत की सबसे बड़ी सुपर स्पेशियलिटी नेत्र अस्पताल श्रृंखला एएसजी आईज हॉस्पिटल्स का शुभारंभ



**एएसजी ने यूपी में सुपर स्पेशियलिटी नेत्र अस्पतालों की अपनी पांचवीं शाखा प्रयागराज में खोली**

**एएसजी ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स की भारत भर के 83+ शहरों में 160 शाखाएँ हैं**

**प्रयागराज।** आंखों की सुपर स्पेशलिटी अस्पताल श्रृंखला एएसजी जिसकी भारत में सबसे बड़ी उपस्थिति है. 26 नवंबर (रविवार) से प्रयागराज में अपनी 167 वीं शाखा खोल रही है। अरत्र समूह की भारत भर के 83 शहरों में 160+ शाखाएं है। एएसजी नेत्र अस्पताल श्रृंखला का प्रबंधन एम्स दिल्ली के पूर्व छात्रों द्वारा किया जा रहा है। एएसजी समूह को 2005 में एम्स के डॉक्टरों डॉ. अरुण सिंघवी और डॉ. शिल्पी गैंग द्वारा लॉन्च किया गया था। बाद में, अन्य विद्वान डॉक्टर अस्पताल में शामिल हो गए, जिसके परिणामस्वरूप जल्द ही एएनजी आई हॉस्पिटल्स की श्रृंखला तेजी से बढ़ी, जो अन्य प्रमुख संस्थानों के बराबर लगातार नेत्र देखभाल उपचार प्रदान कर रही है। यह बहुत खुशी की बात है कि अब प्रयागराज शहर में भी ऐसे मानकों के अनुरूप एक सुपर स्पेशल आई केयर सेटअप होगा। एएसजी ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल की स्थापना का मुख्य उद्देश्य सभी को आर्थिक, सामाजिक और ज्ञान संबंधी असमानताओं को दूर करते हुए विश्व स्तरीय नेत्र संबंधी सुविधाएं और उपचार प्रदान करना है और इसी कारण से एएसजी ने वरिष्ठ और अनुभवी डॉक्टरों का एक संगठन बनाया है जिनका ज्ञान और नेत्र विज्ञान अनुभव सर्वश्रेष्ठ में से एक है। प्रयागराज में अरत्र नेत्र चिकित्सालय लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, सिविल लाइन्स क्षेत्र, प्रयागराज में स्थित है। वाराणसी, लखनऊ (2 केंद्र) और कानपुर के बाद उत्तर प्रदेश में एएसजी नेत्र अस्पताल की यह तीसरी शाखा है। इस सुपर स्पेशियलिटी नेत्र चिकित्सालय में नेत्र से संबंधित सभी जटिल एवं असाध्य रोगों का निदान एवं उपचार चिकित्सकों द्वारा किया जायेगा। एक ही छत के नीचे आंखों से जुड़ी सभी बीमारियों की जांच और इलाज किया जाएगा। इस अस्पताल में मोतियाबिंद कंटूरा विजन, लेसिक, ग्लूकोमा, रेटिनल रोग, ऑकुलोप्लास्टी कॉर्निया, भेंगापन (अलग-अलग दिशा में देखने वाली आंखें) बाल नेत्र विज्ञान न्यूरो विज्ञान और अन्य विशेषता जैसी सेवाएं उपलब्ध है। यहाँ यह बताना आवश्यक है कि अस्पताल पूरे सप्ताह 2417 कार्य करेगा जो 24 घंटे आपातकालीन नेत्र उपचार भी प्रदान करेगा, ताकि प्रयागराजवासी रविवार को भित्र उपचार करा सके। अस्पताल के डॉक्टरों की टीम में बेहद अनुभवी डॉक्टर शामिल होंगे ये है डॉ. विभोर गुप्ता, डॉ. राजकिशोरी राणा डॉ. फरनाज कौसर और डॉ. प्रशांत कुमार जटिल इलाज के लिए अन्य वरिष्ठ डॉक्टर हर माह आएंगे। एसआई हॉस्पिटल से गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए शिविर आयोजित कर उनका इलाज करने में अग्रणी रहा है और इसी कारण से एएसजी आई हॉस्पिटल्स को अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए इंटरनेशनल अचीवर्स अवार्ड (2009) वेलनेस हेल्थ अवार्ड (2010). राजीव गांधी गोल्ड मेडल अवार्ड (2010) और पंग एंटरप्रेन्योर अवार्ड (2014) से सम्मानित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एएसजी आई हॉस्पिटल की एक शाखा पिछले छह वर्षों से पूर्वी अफ्रीका में पूर्वी युगांडा के कंपाला में सफलतापूर्वक काम कर रही है और वहां के निवासियों को उत्कृष्ट नेत्रदेखभाल सेवाए प्रदान कर रही है जिनके लिए एएसजी के अस्तित्व में जाने तक गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल दुर्लभ थी। नेपाल के काठमांडू में एक और अंतरराष्ट्रीय अस्पताल सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। जैसा कि हम 26 नवंबर को अपना परिचालन शुरू कर रहे हैं हम प्रयागराज शहर के निवासियों को इस तरह के एक सुसज्जित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए बधाई देना चाहते हैं और गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल सुनिश्चित करने का संकल्प लेते हैं।

# भारतीय संविधान दिवस पर जिला पंचायत सभागार में कार्यक्रम संपन्न

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर रविवार को जिला पंचायत सभागार में मंथन, कर्मयोग एवं संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख सचिव परिवहन एल0 वेंकटेश्वर लू सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने की एवं मुख्य वक्ता के रूप में राम कृष्ण गोस्वामी अध्यक्ष- भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान दिल्ली उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव परिवहन एल0 वेंकटेश्वर लू व जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने संविधान की उद्देशिका का पाठन कराया क कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि एल0 वैंकटेश्वर लू ने बताया कि हमारा संविधान हमारे देश व समाज के लिए प्राणतत्व है कइस ऋषि- मुनिगण की धरा को कैसे समृद्ध बनाया जाए और यहां पैदा होने वाले बच्चों के भविष्य को कैसे उज्जवल बनाया जाय-इस गहरे चिंतन व बड़े उद्देश्य हेतु जिन महापुरुषों ने अपने प्राणों की आहुति दी उन महापुरुषों की जो चेतना है, आदर्श हैं, संकल्प हैं, भावना है, किस तरह के भारत का निर्माण चाहते थे एवं उनकी स्पिरिट की व्याख्या ही हमारा संविधान है कउन महापुरुषों की अभीप्शा व भावना को हमारा संविधान परिलक्षित करता है कउन्होंने भारतीय संविधान में "सर्वभूत इतेरतां" की भावना, कर्मयोग, ईश्वरीय संविधान के पालन से व्यवहारिक संविधान का पालन, प्राणतत्व, एवं संवाद विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए इनके अंतसंबंधो को भी बताया क उन्होंने कहा कि यदि हमारे अंदर सामंजस्य की भावना हो, लोगों के लिए प्रेम हो तथा ईश्वरीय संविधान का पालन करेंगे तभी इस व्यवहारिक संविधान का पालन कर सकते हैं और भागवत गीता ही ईश्वरीय संविधान है कउन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जितना ही ईश्वरीय संविधान के अनुसार चलता है उसका प्राणतत्व उतना ही मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि बिना कर्मयोग के कोई व्यक्ति आत्मकल्याण नहीं कर सकता है। अपने आप कुछ भी अच्छा नहीं होता है, उसके लिए निष्काम भावना से किया गया पुरषार्थ आवश्यक है। कर्मयोग से व्यक्ति में वैचारिक शुद्धता, त्याग की भावना, राष्ट्रभक्ति एवं देशभक्ति विकसित होती है, जिससे व्यक्ति समाज सेवा से जुड़ता है। उन्होंने कहा कि आप लोग ईश्वर को साक्षी मानकर आत्म संतुष्टि के लिए आत्म अनुशासन से संविधान दिवस पर महापुरुषों को याद करते हुए पूरे मनोयोग से अपने जीवन को सार्थक बनाएँ क कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल ने कहा कि बहुत परिश्रम के बाद इस विविधताओं से भरे देश के लिए विश्व के सबसे बड़े संविधान की रचना की गई क उस समय यह अनिश्चितता व्यक्त की गयी थी कि यह कब तक चलेगा लेकिन आज हम विश्वगुरु बनने की प्रक्रिया में अग्रसर है क हम सभी विविधताओं के साथ हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले हो रहे हैं क हमे संविधान निमार्ताओं की आशा अनुरूप दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करना है क अपने संबोधन में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान दिल्ली के अध्यक्ष राम कृष्ण गोस्वामी ने कहा कि धर्म की आत्मचेतना-न्याय व्यवस्था को अपने आचरण, चरित्र व व्यवहार में विकसित करें जिससे श्रेष्ठ भारत का निर्माण हो सके क सभी लोक सेवक अपना स्वधर्म समझे तथा उसका पालन करे कउन्होंने गीता शिक्षा पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि गीता शासन, प्रशासन व अनुशासन का केन्द्र बिंदु है एवं न्याय धर्म की आत्मा है। अतः हमेशा न्याय के शासन की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संकल्प से सिद्धि मिलती है। अतः आज हम सब लोग एक श्रेष्ठ भारत के निर्माण का संकल्प लें।सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार मौर्या ने कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापित किया । संविधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व परिवहन विभाग के अधिकारियों के द्वारा मुख्य अतिथि को संविधान की प्रति भेंट की गयी क मुख्य अतिथि एल0 वैंकटेश्वर लू के द्वारा भिन्न भिन्न क्षेत्रों में प्रशंसनीय सहयोग प्रदान करने हेतु अधिकारियों, सिविल डिफेंस व अन्य लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्या, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनोजिया, परिवहन विभाग के अधिकारीगण, पुलिस यातायात के अधिकारीगण, सिविल डिफेंस, विभिन्न कॉलेज के शिक्षक व काफी संख्या लोग उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस पर बाबा साहब को किया नमन

### संविधान स्वतंत्रता व समानता के साथ जीने का अधिकार देता है : अशफाक



**प्रयागराज।** सिकंदरा में संविधान दिवस पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया गया तथा संविधान सभा के सभी सदस्य व संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कांग्रेस के एआईसीसी सदस्य अशफाक अहमद ने कहा कि हमारा देश जब 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ तब हमारे देश के पास अपना कोई संविधान नहीं था संविधान के बगैर देश नहीं चलाया जा सकता था।इसलिए इसको बनाने के लिए एक संविधान सभा का गठन किया गया। जिसमें। पंडित जवाहरलाल नेहरू, डा.राजेंद्र प्रसाद, डा. भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद समेत आदि सभा के प्रमुख सदस्य थे संविधान की ड्राफ्टिंग समिति के अध्यक्ष डा.भीमराव अंबेडकर थे।इसलिए उन्हें संविधान निमार्ता कहा जाता हैं। इस संविधान को बनाने के लिए 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन लग गए। हमारा संविधान 26 नवंबर 1949 को देश में लागू किया गया।इसलिए इस दिन की याद में हर वर्ष देश में संविधान दिवस मनाया जाता हैं इसी संविधान के तहत सुप्रीम कोर्ट,हाई कोर्ट, सेमत देश की सभी अदालतें, संसद,राज्यों के विधान मंडल, प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री,समेत सभी इसी के तहत काम करते हैं।इसी कानून के तहत हम सभी को अधिकार मिलते हैं कि हम सब पूरी स्वतंत्रता व समानता के साथ जीवन जी सकें। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा.जगत नारायण सिंह ने कहा कि कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता यह संविधान ही है जो अलग-अलग धर्म व जातियों की भारत 140 करोड़ की आबादी को एक देश के तहत जोड़ता हैं।संविधान में देश के सिद्धांत को और उसको चलाने के तौर तरीके होते हैं। उन्होंने कहा कि यह संविधान ही हैं जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता हैं।जहां संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं।वहीं इसमें दिए मौलिक कर्तव्य हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाती हैं। सिंह ने कहा कि संविधान दिवस का मकसद देश के नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान को बढ़ाता हैं ।26 नवंबर के दिन देश में कानून दिवस मनाया जाता हैं।उन्होंने कहा कि हर भारतवासी के लिए 26 नवंबर बेहद गर्व का दिन हैं। इस अवसर पर रश्मिता दुबे, मोहम्मद सद्दाम समाजसेवी, अरविंद पाल, समीर गौतम, मोहम्मद फारूक, इश्तियाक अहमद, रामचंद्र पटेल, विनोद विश्वकर्मा, अमन मिश्रा, मोहम्मद शमीम, डा. अमित कुमार विश्वकर्मा, चन्द्र भान विश्वकर्मा, अल्ताफ कलीम, अब्दुल सलाम, परवेज ताहिर, अख्तर अली,सुरेंद्र यादव, मोहम्मद यूसुफ, शिवप्रसाद मौर्य, अखिलेश गौतम, शिवप्रसाद प्रजापति, गिरधारी लाल, माधव सिंह आदि लोग उपस्थित रहें।

# संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने के लिये सभी बुद्धिजीवी आएं आगेः जनपद न्यायाधीश

## संविधान दिवस पर संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने का हुआ आहवान


संविधान दिवस पर संवैधानिक मूल्यों की शपथ दिलाते जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर जनपद न्यायाधीश द्वारा जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ के परिसर में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का कराया गया पाठ और संवैधानिक मूल्यों एवं आदर्शो की रक्षा करने का आहवान किया गया।

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रतापगढ़ के तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय के प्रांगण में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद द्वारा जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जनपद न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण को संविधान की प्रस्तावना का शपथ दिलाया गया। तत्पश्चात जनपद न्यायालय के सभागार में जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में राष्ट्रीय संविधान दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में जनपद न्यायाधीश ने सभी को भारतीय संविधान दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि आज का यह दिन 26 नवम्बर संविधान निमार्ताओ के महान योगदान को याद करने व संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होने सभी से संवैधानिक मूल्यों एवं आदर्शो के अनुसार कार्य करने व संविधान की जीवन्तता को कायम रखने की अपेक्षा किया। संविधान दिवस के अवसर पर पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, दिवाकर चतुवेर्दी, हरविन्दर सिंह अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0 एक्ट, अर्चना तिवारी अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट यतेन्द्र पाल सिंह सिविल जज जू0डि0 एफ0टी0सी0 प्रथम एवं पैनल अधिवक्ता विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी ने भी अपने विचार गोष्ठी में व्यक्त किये। पैनल अधिवक्ता विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि जनपद प्रतापगढ़ से पं0 मुनीश्वर दत्त उपाध्याय संविधान सभा के सदस्य रहें व उन्होने संविधान के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होने इस अवसर पर पं0 मुनीश्वर दत्त उपाध्याय को अपनी श्रद्वाजलि अर्पित किया। गोष्ठी में नन्द प्रताप ओझा अपर जनपद न्यायाधीश कक्ष संख्या-01, आलोक द्विवेदी अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, सहित समस्त अन्य न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, चीफ एवं असिस्टेण्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सेल, एवं पी0एल0वी0गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीरज कुमार त्रिपाठी सिविल जज सी0डि0 द्वारा किया गया। सभी सम्मानित व्यक्तियों द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित गोष्ठी में सहभागिता किये जाने के लिए उनका आभार आलोक द्विवेदी अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन नीरज कुमार बरनवाल अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रतापगढ़ द्वारा किया गया।

## संविधान दिवस पर छात्रों ने बाबा साहेब को याद किया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के निशुल्क स्टडी सेंटर भंगवा में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। सेन्टर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने कहा कि 26 नंवबर 1949 को संविधान सभा ने मौजूदा संविधान को स्वीकार किया था। संजय मतोश ने कहा संविधान दिवस को राष्ट्रीय कानून दिवस के तौर पर भी जाना जाता है। ददन ने कहा कि हमारे देश का संविधान हमारे मौलिक अधिकार और कर्तव्यों की याद दिलाता है। अनुज शुक्ला ने कहा इसलिए इसका जश्न हर साल हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस मौके पर हिमांशु, मोहन, प्रिया, अजय, विजय समेत कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

## ससुरालीजनों ने की विवाहिता की पिटाई, दहेज उत्पीड़न का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता की पिटाई ससुरालीजनों ने कर दी। आरोप है कि विवाहिता को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी बताई जाती है। उदयपुर के पूरे तिलाभगत निवासी शिवमूरत वर्मा की पुत्री सरिता ने सांगीपुर पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह सांगीपुर थाना के कटेहटी गांव में महावीर वर्मा के पुत्र लवकुश के साथ हुआ है। विवाहिता का कहना है कि बीती बाईस नवम्बर को रात्रि साढ़े आठ बजे ससुराल में पति लवकुश तथा उसके सास ससुर व ननद ने मिलकर उसे मारापीटा। मारपीट में विवाहिता के मुताबिक उसका तीन माह का शिशु गर्भ में नष्ट हो गया। सूचना मिलने पर पीड़िता की मॉ बेटी की ससुराल पहुंची और उसे चुटहिल दशा में अपने घर ले आयी। तहरीर में कहा गया कि ससुरालीजन पति लवकुश तथा सास ललिता व ननद सीमा आदि लोग डेढ़ लाख रुपए व एक मोटर साइकिल की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित कर रहे है। ससुरालीजनों पर यह भी आरोप है कि मारपीट के बाद कही शिकायत करने पर उसे जांनलेवा धमकी दी गयी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है जांच कर आारोपियों के खिलाफ कार्यवाई की जायेगी।

## वोटर चेतना महाअभियान कार्यशाला आज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वोटर चेतना महाअभियान, मण्डल सशक्तीकरण एवं युवती सम्मेलन कार्यक्रम की कार्यशाला सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय टेऊँगा पर आयोजित की गई है। प्रथम सत्र जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटेल, द्वितीय सत्र जिलाध्यक्ष श्री आशीष श्रीवास्तव, तृतीय सत्र प्रदेश कार्यसमिति गौरव सिंह वत्स द्वारा चलेगा। इस कार्यशाला में जिले में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी, समस्त जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष ,महामंत्री एवं उपाध्यक्ष शामिल होंगे। यह जानकारी भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह ने दी।

# सगरा सुंदरपुर में कांग्रेसियों ने किया दलित संवाद कार्यक्रम

## सैकड़ों की संख्या में भरा गया दलित अधिकार मांग पत्र


सगरा सुंदरपुर में दलित संवाद कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेसी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सुंदरपुर में दलित संवाद का कार्यक्रम कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसका संचालन लक्ष्मी शंकर मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में दलित अधिकार मांग पत्र भरा गया।

कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने कहा कांग्रेस दलित को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी दलित को उनके अधिकार सम्मान और उनकी जरूरत को पूरा करने का काम कांग्रेस करेगी, उन्होंने कहा दलित की समस्याओं को आंदोलन के जरिए पूरा करने का काम किया जाएगा। कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी ने कहा दलित का सम्मान और हक दिलाने का काम कांग्रेस पार्टी करती है। दलित के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाने का कार्य कांग्रेस की सरकार ने किया है। कांग्रेस सेवादल उपाध्यक्ष रामरतन तिवारी ने कहा कांग्रेस पार्टी पूरे देश में दलित संवाद का कार्यक्रम कर दलित अधिकार मांग पत्र भर कर उनकी समस्याओं को दूर करने का कार्य कर रही है।

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी, जिला अध्यक्ष डॉक्टर लालजी तिवारी, पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर नीरज तिवारी, उपाध्यक्ष डॉ विजय कुमार सिंह चिलबिला के आगे महिला की मौत होने के कारण सड़क जाम होने की वजह से कार्यक्रम में नहीं पहुंच सके स जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आकर संविधान दिवस के अवसर पर देश में संविधान बचाने का संकल्प लिया। दलित संवाद कार्यक्रम में प्रदीप द्विवेदी, कमलाकांत, आशा देवी, रामकली, निर्मला देवी, सावित्री, सुशीला, किरण, पुष्पा देवी, दूधनाथ लक्ष्मी बहादुर सरोज, सुधा देवी उपस्थित रहे।

# सगे भाईयों के विवाद में ब्यूटी पार्लर संचालिका ने आत्महत्या कर दी जान

## छह घंटे तक प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग रहा जाम, पुलिस अधीक्षक से समझाने पर समाप्त हुआ जाम


ब्यूटी पार्लर संचालिका की मौत पर जाम लगाये भीड़ को समझाती पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के चिलबिला बाजार में एक विकलांग ब्यूटी पार्लर संचालिका महिला द्वारा आत्महत्या किये जाने को लेकर छह घंटे तक चिलबिला में जाम लगा रहा। महिला ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर और वीडियो वायरल कर अपनी पीड़ा का इजहार किया और फांसी के फंदे पर लटक गई। इसके बाद चिलबिला बाजार में लोगों का गुस्सा इतना बढ़ गया कि उन्होंने प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग को पूर्वान्ह दस बजे से शाम चार बजे तक जाम रखा। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के समझाने-बुझाने पर मामला सुलझा और शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की धरपकड़ के लिये कई टीमें बना दी हैं।

मृतका दिव्यांग कंचन ने आत्महत्या करने से पहले मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था कि योगी जी, मैं यह असहनीय पीड़ा बर्दाश्त नहीं कर पा रही हूं, कल ये ही कदम मेरे परिवार वाले भी उठाएंगे, जिसका जिम्मेदार प्रशासन होगा। इस दौरान कंचन ने अपनी वीडियो भी बनाया और फांसी पर लटककर अपनी जान दे दी। बता दें कि कंचन छह भाईयो में इकलौती बहन थी। घर, जमीन व दुकान के झगडे.को लेकर वह अक्सर परेशान रहती थी। जब पुलिस और प्रशासन ने नहीं सुनी तो थक हारकर उसने मौत को गले लगा लिया। कंचन का आरोप था कि तीन भाइयों ने साजिश करके भू माफियाओं को दुकान, मकान बेचा है और भू माफिया गुंडे जबरन दुकान पर कब्जा करने के लिए गुंडागर्दी व मारपीट कर रहे थे।

## करंट की चपेट मे आने से किशोर की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के अर्जुन अतेरु गांव निवासी साहिल पटेल पुत्र कमलेश पटेल (15) वर्षीय परिवार का खर्च चलाने के किये बिजली का छोटा मोटा काम करता है शनिवार की शाम गांव के अभय सिंह अपने घर की बिजली ठीक कराने के लिए साहिल को बुला ले गया जंहा बिजली ठीक करते समय साहिल अचानक करेंट की चपेट मे आ गया जिससे लोग कुछ समझ पाते उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही साहिल के घर के परिजन लोग मौके पर पहुँचे जिसे मरणासन्न अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा ले गये जंहा चिकित्सको ने साहिल को मृत घोषित कर दिया। मृतक साहिल दो भाइयो सबसे बड़ा था छोटा भाई सतीश पटेल व बहन खुशी पटेल व मां भौरहिन का रो-रोकर बुरा हाल है पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। घटना की जानकारी मिलते ही संग्रामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे मे लेकर लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। मृतक की आर्थिक काफी दयनीय है। मृतक साहिल के एक भाई व एक बहन कम उम्र के है मां रो रोकर कहती कि कैसे परिवार का खर्च चलेगा कोई कमाने वाला नही है यह कहकर बेसुध हो जाती है।

# एसडीएम ने दीप प्रज्वलित कर मानिकपुर कार्तिक पूर्णिमा मेला का किया शुभारंभ

## आज होगा स्नान का मुख्य पर्व


कार्तिक पूर्णिमा पर दीप प्रज्वलित करते एसडीएम कुंडा मानिकपुर।

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर का पांच दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेला का शनिवार को कुंडा उपजिलाधिकारी भरत राम ने दीप प्रज्वलन कर मेले का शुभारंभ किया। मेला का शुभारंभ करते हुए एसडीएम भरत राम ने कहा कि मानिकपुर एक महत्वपूर्ण धार्मिक नगरी है जहां पर सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी का धाम तथा मोक्षदानी मां गंगा का पावन तट है कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण दूर दराज से गंगा स्नान व देवी मां का दर्शन पूजन करने आते हैं।

प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए कटिबद्ध है मंदिर ट्रस्ट कमेटी व नगरवासियो का सहयोग आवश्यक व आपेक्षित है। मेला से संबंधित अगर किसी को कोई परेशानी और कठिनाई हो रही है, तो वह किसी भी समय एसडीएम के नंबर पर फोन कर अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं। मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉक्टर विजय यादव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि मेले से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों का सहयोग आवश्यक है। वैसे तो मेले में सभी विभागों की भूमिका रहती है, परंतु प्रमुख रूप से मानिकपुर नगर प्रशासन तथा मानिकर्पु पुलिस की प्रमुख भूमिका है। धार्मिक मेला हमारी आस्था व विश्वास का प्रतीक है। जहां लोग बिन बुलावे लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्तगण गंगा जी में डुबकी लगाने व माता रानी के दरबार में दर्शन पूजन करने के लिए लोग आते हैं। उनको समुचित व्यवस्था देना हम सभी लोगों का नैतिक दायित्व व कर्तव्य है। मेले का मुख्य स्नान पर्व सोमवार को है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष पति अशोक जायसवाल, मंदिर ट्रस्ट सदस्य अनिल मौर्य, तीर्थ पुरोहित संघ अध्यक्ष प्रेमनाथ दीक्षित, व्यापार मंडल संरक्षक मथुरा प्रसाद धुरिया, पूर्व नगर अध्यक्ष अब्दुल हाशिम, पप्पू सोनकर, शाहबाज खान, उमाशंकर, राजकुमार यादव, राकेश जायसवाल, संजय मिश्रा, चंद्रप्रकाश मिश्रा, शिवधारी साहू, अनिकेत यादव, महेश यादव, संतोष यादव, अजय मिश्रा, पंकज जायसवाल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# राजस्व वसूली अभियान में संग्रह अमीनों के साथ निकले नायब तहसीलदार

## टीम देख कर सहमे बकाएदार, लाखो रुपए की हुई वसूली

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** राजस्व वसूली में शिथिलता बरतने व संग्रह अमीनों द्वारा बाकीदारों से दोस्ती कर उन्हे मोहलत देने से नाराज जिले के आला अधिकारी के सख्त होते ही क्षेत्र में संग्रह अमीनो के साथ नायब तहसीलदार मान्धाता आशुतोष राय को भी बकाएदारों के घर दस्तक देना पड़ा।

मजिस्ट्रेट लिखे वाहन को देखते ही बकायेदारो में भगदड़ मच गई, लेकिन जो जहां भी मिला उसे धर दबोचा गया।वसूली अभियान के इस दौरान मोटर टैक्स के बाकीदार सराय मेदीराय निवासी अनिल कुमार वर्मा ने दो लाख इक्यासी हजार छ सौ बाइस रुपए चेक द्वारा भुगतान किया। तिरंगा ब्रिक्स फील्ड ढेमां के ईट व्यवसाई मो याकूब से रावल्टी टैक्स के रूप में दो लाख रुपए, गौरा के राम लखन पटेल से ग्राम समाज जुमार्ने के रूप में लाख रुपए की राजस्व वसूली की गई! जो बाकीदार कर्ज देने में असमर्थता व हीलाहवाली करने की कोशिश किया। इस संदर्भ में नायब तहसीलदार आशुतोष राय ने बताया की पकड़े गए बाकीदार यदि पैसे नही जमा करते तो उन्हे चैदह दिनों के लिए तहसील के लाकप में रहना पड़ सकता है। उच्चाधिकारियों के फरमान के बाद राजस्व वसूली में निकले उनके मातहत भी सख्त नजर आ रहे थे।


बकायेदारों से बातचीत करते नायब तहसीलदार।

फिलहाल तहसील प्रशासन के इस सख्त रवैये से क्षेत्र के रॉयल्टी, स्टांप, मोटर टैक्स व बैंक के बड़े बाकीदार सकते में हैं। इस दौरान नायब तहसीलदार मान्धाता आशुतोष राय, नायब तहसीलदार सिटी आनंद कुमार के साथ उनकी टीम में सम्मिलित राजस्व संग्रह अमीन,अजय श्रीवास्तव, हरकेश बहादुर सिंह, वृजलेश सिंह, भूपेंद्र शर्मा, पवन सिंह, सुरेश शर्मा, हरिकेश मिश्रा आदि लोगों की टीम ने आज क्षेत्र के बकाएदारों को राजस्व बकाया जमा करने पर मजबूर कर दिया।

## डा. वीपी सिंह के निधन पर साकेत गर्ल्स कालेज ने जताया शोक

**अखंड भारत संदेश**


डा. वीपी सिंह

**प्रतापगढ़।** पीबीपीजी कॉलेज भूगोल विभाग के भूतपूर्व विभागाध्यक्ष एवं पुनजागरण समिति तथा साकेत गर्ल्स पी.जी. कॉलेज के प्रबन्ध समिति के सदस्य डॉ. वी.पी. सिंह के आकस्मिक निधन पर साकेत गर्ल्स पी.जी. कॉलेज एवं साकेत गर्ल्स इण्टर कॉलेज के शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा संयुक्त रूप से प्राचार्या डॉ. नीलिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें डॉ. सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया और ईश्वर से प्रार्थना की गई कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

## भगवान कृष्ण का जन्म धरती से पाप के अंत का शास्वत संदेशः नयन कृष्ण

### जलेशरगंज में कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग सुन मंत्र मुग्ध हुए श्रद्वालु

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के जलेशरगंज बाजार में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में रविवार को कृष्ण जन्मोसत्व की मनमोहक दृश्य पर श्रद्वालु भगवान के जयकारे में आनन्दित हो उठे।

कथा व्यास बाल व्यास नयन कृष्ण जी महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के बाल अवतार से ही धरा से आसुरी शक्तियों के विनाश का शखनांद हो उठा। उन्होने कहा कि नन्द गोपाल भगवान श्रीकृष्ण ने धरती पर धर्म की रक्षा के लिए सम्बधों के लोभ से भी विरक्ति का संदेश दिया। बाल व्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने गौ माता की सेवा तथा गोवर्धन पूजन से यह संदेश दिया कि मानव जीवन का कल्याण प्रकृति के साथ-साथ संरक्षण में ही निहित है। उन्होने कहा कि भक्ति भक्त का सबसे अनमोल रत्न हुआ करता है। कथा के सयोंजक फूल चन्द्र केशरवानी ने स्थानीय लोगों की ओर से बाल व्यास नयन कृष्ण जी का सारस्वत सम्मान किया। इस मौके पर जमुना प्रसाद पाण्डेय, बब्लू मिश्रा, राजेश पाण्डेय, डॉ. कन्हैया लाल, गौरव केशरवानी, गुडडू पाण्डेय, आशीष मोदनवाल, शुशोबित पाण्डेय, आदित्य व सिद्वार्थ तथा अभिनव आदि रहे।

## भारतीय संविधान लोकतंत्र की मजबूती का आधार स्तम्भ

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील सभागार में रविवार को संविधान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बाबा भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार ने उपस्थिति अधिवक्ताओं तथा कर्मचारियों को भारतीय संविधान के प्रस्तावना के प्रारूप का वाचन कर सामूहिक प्रतिज्ञान कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए तहसीलदार धीरेन्द्र ने कहा कि भारतीय संविधान भारत के लोकतंत्र का सबसे मजबूत आधार स्तम्भ है।

## दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पीड़ित पर रंजिशन विपक्षियों द्वारा हमले के आरोप में उदयपुर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव के पूरे श्रद्वा आहर बिहार गांव के उमाशंकर तिवारी पुत्र देवी प्रसाद तिवारी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि रविवार की सुबह वह घर पर मौजूद था। जमीनी विवाद को लेकर गांव के रमाकांत के पुत्र हरिश्चन्द्र तिवारी व उनके पुत्र अमित तिवारी ने दरवाजे पर पहुंचकर गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर विपक्षियों ने मारपीट कर उसे चुटहिल कर दिया। लोगों को जुटता देख विपक्षी जांनलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

## मारपीट व धमकी को लेकर पांच आरोपियों के खिलाफ बलवा का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में लीलापुर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मारपीट तथा गालीगलौज व बलवा का केस दर्ज किया है। थाना के रेडवीर घीसा के पुरवा निवासी राम कुमार के पुत्र संजय सरोज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती बाईस नवम्बर को व सुबह साढे.दस बजे अपने खेत के मेड पर पिलर गाड रहा था। तभी गांव के सचिन , निरजन, रामशिरोमणि व लालता प्रसाद तथा शांति देवी पहुंचकर गाली गलौज करने लगे।

पीड़ित ने मना किया तो आरोपी मारपीट करने लगे। जान बचाने के लिए वह खेत से भागकर घर में घुस गया तो आरोपी घर में भी घुस आये। वहां आरोपियों ने पीड़ित तथा उसके भाई रवि व संदीप को भी मारा पीटा। लोगों को जुटता देख आरोपी जांनलेवा धमकी देते चले गये। लीलापुर प्रभारी अनिल पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है, जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## खबर संक्षेप

### पत्रकार अंसार अहमद चांद के पिता का देहांत

**कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के अकबरपुर सल्लाहपुर गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार अंसार अहमद उर्फ चांद के पिता का देहांत शनिवार के दिन हो गया। वरिष्ठ पत्रकार के पिता का देहांत होने के बाद परिवार वालों के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वरिष्ठ पत्रकार अंसार अहमद उर्फ चांद के पिता के देहांत की खबर सुनकर शोकाकुल परिवार के प्रति शुभचिंतकों ने शोक संवेदनाएं प्रकट किया। वरिष्ठ पत्रकार अंसार अहमद उर्फ चांद के पिता अब्दुल जब्बार उम्र लगभग 80 वर्ष काफी दिनों से बीमार चल रहे थे बीमारी से जूझते हुए इलाज के दौरान शनिवार के दिन अंतिम सांस ली उनका अंतिम संस्कार अकबरपुर सल्लाहपुर के नजदीक स्थित कब्रिस्तान में रविवार सुबह 10 बजे होना सुनिश्चित हुआ है पत्रकारों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की है।

# केपीएस फिएस्टा 5 एनुअल स्पोर्ट्स मीट का हुआ भव्य शुभारंभ

अखंड भारत संदेश






**कौशाम्बी।** डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने कहा कि महिला अभिभावक अगर विजई हुई तो उन्हें स्कूटी प्रदान की जाएगी अगर पुरुष अभिभावक विजेता हुए तो उन्हें बाइक प्रदान की जाएगी। कौशाम्बी भीटी कौशांबी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में आज रविवार को रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के तत्वाधान में कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भरवारी एनडी कन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज भरवारी एवं कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भीटी में संयुक्त एनुअल स्पोर्ट्स 2023 केपीएससी 5 का भव्य शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया ध्वजारोहण के पश्चात मार्च पास्ट रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सभी संस्थाओं के छात्र-छात्राओं ने किया साथ ही साथ कबूतर और गुब्बारे उड़ा करके संस्थान के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम का आगाज किया चारों तरफ पटाखे , बच्चों का शोर, गार्जियन का उत्साह रोमांचित कर देने वाला दृश्य केपीएस भीटी प्रांगण में प्रस्तुत था। सरस्वती वंदना का कार्यक्रम जिसे केपीएस भरवारी ग्रुप ने किया ऐसा लग रहा था जैसे साक्षात मां सरस्वती का अवतार इस संस्थान में हो गया हो इसके पश्चात केपीएस भीटी के बच्चों ने गणेश वंदना का बहुत ही मनोहारी दृश्य प्रस्तुत करने का प्रयास किया किडजी के बच्चों ने पोम पोम डांस एनडी कन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज के बच्चों ने ड्रिल साड़ी और केपीएस भरवारी के बच्चों ने भी ड्रिल साड़ी मंच के माध्यम से गार्जियन के समक्ष प्रस्तुत किया और सभी का मन मोह लिया इस खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन के मुख्य इवेंट बच्चों के बनाना रेस ,हार्डर रेस, 1 लेग रेस ,पार्ट रेस, बकेट रेस, स्पून रेस ,पार्ट रेस, सीनियर ग्रुप में 100 मीटर की रेस, 200 मीटर रेस ,400 मीटर रेस, 400 मीटर रिले रेस, कबड्डी , वालीबाल खो खो रेस,जैवलिन ,डिस्कस, क्लास आदि खेलों का आयोजन प्रारंभ हुआ। संस्थान के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलकूद के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर शारीरिक और मानसिक विकास करना होता है उन्होंने कहा कि शिक्षा और चिकित्सा में कभी भी चूक नहीं की जा सकती क्योंकि यह दोनों बहुत ही नाजुक कड़ी होती है हर व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार है शिक्षा से किसी को वंचित नहीं किया जा सकता मैं हमेशा यही प्रयास करता रहूंगा की कौशांबी जिले को शिक्षा जगत का मिल का पत्थर साबित कर सकूं उन्होंने उपस्थित दर्शक दीर्घा में आए हुए गार्जियन का हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया और कार्यक्रम की रूपरेखा का वृतांत अपने अभिभाषण के दौरान श्री गुप्ता जी ने दिया। कार्यक्रम की मुख्य ऑर्गेनाइजर, डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने सभी संस्थाओं से आए हुए छात्र-छात्राओं को उनके खेलकूद में सफल होने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया साथ ही साथ दिनांक 27 नवंबर को होने वाले अभिभावकों के बीच प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दिया तथा बताया कि महिला अभिभावक अगर विजई हुई तो उन्हें स्कूटी प्रदान की जाएगी अगर पुरुष अभिभावक विजेता हुए तो उन्हें बाइक प्रदान की जाएगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनीषा चौधरी जुडिशल मजिस्ट्रेट नेहा यादव पत्नी उत्कर्ष यादव एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज सुनीता सिंह पत्नी श्री विष्णु देव सिंह एडीजे स्वाति गुप्ता पत्नी दीपक जायसवाल सीजेएम रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की वाइस चेयरपर्सन श्रीमती सपना गुप्ता फाउंडर केपीएस किडजी देव गुप्ता संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्रा कोरियो ग्राफर दीपक डांस केपीएस भीटी कोऑर्डिनेटर प्रखर पार्षद सूरज यादव पिंटू कुशवाहा जीपी खेलकूद के सभी कोच समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# जीएसटी टीम व पुलिस ने पकड़ी हरियाणा ब्रांड अवैध शराब से भरी ट्रक

## इंपीरियल ब्लू ब्रांड की लगभग 400 पेटी से अधिक शराब बरामद



**कोखराज कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में जीएसटी टीम प्रयागराज और कोखराज थाना पुलिस ने एक ट्रक अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ा है,ट्रक में हरियाणा से बनी हुई इंपीरियल ब्लू ब्रांड की लगभग 400 से अधिक पेटी शराब बरामद की है,ट्रक में कंबल की कतरन के बीच शराब भरकर ले जाई जा रही थी ।यह शराब हरियाणा से बिहार ले जाई जा रही थी।पुलिस और जीएसटी टीम जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान जीएसटी सचल दल प्रयागराज टीम ने एक ट्रक को रोका तो ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया, काफी देर तक जब ट्रक चालक नहीं आया तो कोखराज थाना पुलिस की मदद से टीम ने ट्रक को खोलकर चेक किया तो उसमे कंबल के कतरन के बीच शराब की पेटियां भरी हुई थी,जांच के दौरान कंबल के कतरन के बीच लगभग 400 से अधिक शराब की पेटियां बरामद हुई है,यह शराब हरियाणा प्रदेश की बनी हुई इंपीरियल ब्लू ब्रांड की है। राज्य कर अधिकारी जीएसटी चतुर्थ इकाई प्रयागराज यूसुफ अली ने बताया कि कोखराज थाना क्षेत्र में सचल द्वारा चेकिंग के दौरान एक ट्रक पकड़ी गई है जिसमे कंबल की कतरन लोड था,जांच के दौरान ट्रक का चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया,जांच में ट्रक में लगभग 400 पेटी से अधिक शराब बरामद हुई है।बाकी जांच की जा रही है ,जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएगा उसके आधार पर कार्यवाई की जाएगी।इस दौरान मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी सिराथू सहित आबकारी विभाग के सिराथू सर्किल इंस्पेक्टर अरुण कुमार,चायल इंस्पेक्टर साहब सिंह पाल और मंझनपुर सर्किल के इंस्पेक्टर वीर प्रताप सिंह सहित आबकारी स्टाफ मौजूद रहा।



# डीएम ने संविधान दिवस पर अधिकारियों कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा 26 नवम्बर रविवार को संविधान दिवस के अवसर पर उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के अधिकारियों/कर्मचारियों को संविधन की प्रस्तावना-हम भारत के लोग,भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोक तंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता, सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढ़ाने के लिए दृढसंकल्प होकर अपनी संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद्वारा इस संविधान को अंगीकृत,अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।₹ का पाठन कराया गया इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में मनाया गया एनसीसी दिवस



**भरवारी कौशांबी।** नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में दिनांक 26 नंबर 2023 को एनसीसी दिवस मनाया गया, विद्यालय के प्रबंधक रवि नारायण तिवारी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीम अहमद द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट पंकज कुमार द्वारा एनसीसी कैडेट्स को एनसीसी की स्थापना, उसके संगठन एवं देश के लिए एनसीसी के योगदान को बताया। उन्होंने बताया कि एनसीसी द्वारा छात्रों में एकता एवं अनुशासन की भावना उत्पन्न होती है जिससे सभ्य एवम विकसित समाज का विकास होता है। कार्यक्रम संचालन भुवनेश्वर तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रवक्ता भरत लाल शर्मा एवम अन्य लोग उपस्थित रहे।

### भवंस मेहता में मनाया गया एनसीसी दिवस



**भरवारी कौशांबी।** भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी में 26 नवंबर को बड़े ही धूमधाम से एनसीसी दिवस मनाया गया है इस अवसर पर एनसीसी कैडेट ने परेड की और कैप्टन अरुण कुमार सिंह ने एनसीसी का झंडा फहराया इस अवसर पर 122 कैडेट और 35 अन्य लोग मौजूद रहे भवंस मेहता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रबोध श्रीवास्तव ने एनसीसी के समाज के उत्थान में योगदान के बारे में समझाया कैप्टन अरुण कुमार सिंह ने एनसीसी कैडेट को समाज सुधार कार्यक्रमों में बाढ़-चल हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया उन्होंने समझाया कि एनसीसी कैसे समाज की सोच बदल सकती है उन्होंने कहा कि हमारा एक हर एक कैडेट एक नेता के गुण के साथ समाज में नई चेतना ला सकता है।

### महेवा घाट थाना अध्यक्ष ने पढ़ाया संविधान का पाठ



**महेवा घाट कौशांबी।** संविधान दिवस के मौके में थाना महेवा घाट में थाना अध्यक्ष रजनीकांत राजपूत के द्वारा थाना परिसर के सभी अधिकारी कर्मचारियो को संविधान का पाठ पढ़ाया गया एवं संविधान के नियमों के बारे में बताया गया इस मौके पर उपनिरीक्षक नंदू यादव उपनिरीक्षक विनोद यादव महिला कांस्टेबल प्रतिमा गुप्ता नेहा सिंह कांस्टेबल विनोद कांस्टेबल विवेकानंद एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### जन शिक्षण संस्थान द्वारा काजीपुर में संविधान की दिलाई गई शपथ




**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षण केंद्र काजीपुर में 26 नवम्बर को जन शिक्षण संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे द्वारा संविधान की उद्देशिका हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी धर्म निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक न्याय विचार अभिव्यक्ति विश्वास धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्त की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर 1949 मिति मार्ग शीष शुक्ल सप्तमी संवत दो हजार विक्रमी को एतत द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं मैंने उद्देशिका पढ़ी है और मैं उसका अनुपालन करूंगा इस तरह से पूरा संविधान सभी स्टाफ और प्रतिभागियों को निदेशक द्वारा शपथ दिलाई गई इस संविधान दिवस की शपथ में संस्थान के सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा धर्मेंद्र धीरज आयुष सतीश आशीष सत्यम प्रांजल आदि लोग मौजूद रहे।

## तहरीर देने जा रही महिला को संदीपन घाट थाना के पास चार महिलाओं ने पीटा

**महगांव कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठानपुरवा गांव की जसमा देवी पत्नी संजू के साथ गांव में मारपीट हुई थी मामले को लेकर जसमा देवी शनिवार को संदीपन घर थाना तहरीर देने जा रही थी लेकिन तहरीर देने से उसे रोक दिया गया पहले से मौजूद उसके विपक्ष की चार महिलाओ ने जसमा देवी को थाने के पास जी टी रोड के किनारे बाल पकड़कर जामकर मारपीट दिया महिला को जमीन पर पटक कर महिलाओं ने जमकर पीटा है काफी देर तक मौके पर अफरा तफरी का माहौल रहा थाने के पास महिला को पीटे जाने के मामले में थाना पुलिस तमाशबीन बनी रही जिससे एक बार फिर थाना पुलिस की किरकिरी हुई है जसमा देवी ने शिकायती प्रार्थना देकर बताया कि गांव में झगड़ा हुआ था जिसकी शिकायत करने वह थाने आई थी लेकिन वहा पहले से मौजूद शकुंतला देवी और उसकी तीन बेटियों ने जैसे ही उसे देखा उस पर टूट पड़ी और बाल पकड़कर घसीट कर मारने पीटने लगी उसके गोदी में छोटा सा बच्चा था मारपीट के दौरान वह भी गिर गया जसमा के चिल्लाने पर लोग इक्कठा हुए और बीच बचाव करने लगे तब जाकर उसकी जान बची थाने के पास महिला के साथ मारपीट के मामले ने एक बार फिर पुलिस की लचर व्यवस्था की कहानी खोल दी है यदि थाना पुलिस का इकबाल इसी तरह रहा तो अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाना नामुमकिन होगा थाना के पास मारपीट के मामले को आला अधिकारियों को गंभीरता से लेकर कठोर कार्रवाई करनी होगी और तमाशबीन बनी थाना पुलिस पर कार्यवाही करते हुए थाना के पास पर मारपीट करने वालों के मंसूबे पर पानी फेरना होगा।

## ऑटो ड्राइवर ने मालकिन को पीटा रिपोर्ट दर्ज

**महगांव कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत पठानपुरवा गांव की रहने वाली संतरा देवी पत्नी कमलेश कुमार ने संदीपन घाट थाना प्रभारी को शिकायती प्रार्थना देकर बताया कि उसके पास ऑटो है जिसे गोलू नाम का युवक चलाता था जब उसने उसे ऑटो देने से मना कर दिया तो ऑटो मालकिन संतरा देवी को गोलू ने गाली गलौज देते हुए जमकर मारपीट किया और जान से मार डालने की धमकी देते हुए कहा कि ऑटो को आग लगा दूंगा। जिसकी शिकायत पीड़िता ने संदीपन घाट पुलिस को दी सुचना मिलते ही पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई और पीड़िता को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है।

## हाइवे पर आवारा गाय से टकराई लेखपाल की कार, हुए घायल

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना में आयोजित समाधान दिवस में शामिल होकर सिराथू वापस लौट रहे लेखपाल की कार हाइवे पार कर रही आवारा गाय से टकरा गई जिसमें कार में सवार दोनों लेखपालों को चोट आई है और कर क्षतिग्रस्त हो गई। घायल लेखपालों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शनिवार को कोखराज में समाधान दिवस आयोजित किया गया था जिसमें शामिल होने के लिए सिराथू क्षेत्र में कार्यरत लेखपाल मानसिंह और शहजादपुर में कार्यरत लेखपाल अमनसिंह भी गए हुए थे। समाधान दिवस के बाद वहां पर आवश्यक काम निपटाने के बाद करीब चार बजे वह कोखराज से सिराथू के लिए अपनी कार से वापस जा रहे थे । जैसे ही उनकी कार कल्यानपुर गांव के पास पहुंची उसी समय अचानक एक आवारा गाय हाइवे पार करने लगी जब तक कार नियंत्रण में आ पाती कार से गाय से टकराते हुए डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। उसके अंदर बैठे दोनो लेखपाल घायल हो गए। आसपास रहे लोगों ने पहुंचकर दोनों को कार से बाहर निकालकर इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल में भिजवाया है।

## वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना करारी पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त राममिलन पुत्र राम सुचित निवासी लहना थाना करारी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात गिरफ्तार वारंटी को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है चोरी के मामले में आरोपी के विरुद्ध वारंट जारी हुआ है।

## दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** दहेज हत्या के मुकदमे में वांछित अभियुक्त की पुलिस तलाश कर रही थी रविवार को वांछित अभियुक्त पुलिस के हफ्ते चढ़ गया थाना पिपरी पुलिस द्वारा दहेज हत्या के वांछित अभियुक्त कृष्ण प्रसाद यादव पुत्र भगवत प्रसाद यादव निवासी सेउथा को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात दहेज हत्या के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है।

## दुष्कर्म पीड़िता के हत्यारों का आपराधिक दुनिया से पुराना नाता

**कौशांबी।**: महेवाघाट के ढेरहा गांव में पांच दिनों पहले हुए दुष्कर्म पीड़िता हत्याकांड के आरोपियों का आपराधिक दुनिया से पुराना नाता रहा है। डकैत गैंग का शुभ अशुभ कार्यो में आना जाता तो था ही रिस्ते में बाबा घनश्याम केवट गैंग का सदस्य था। इसका इतिहास बताकर आरोपी अशोक निषाद अक्सर गांव के लोगों में अपनी धौंस जमाता था। साथ ही यह भी धमकी देता था कि अभी भी उसका नाता चित्रकूट के डकैतों से है, जो समय पर अपनी सहायता के लिए बुला सकता है। इससे गांव के लोग भयभीत रहा करते थे। दुष्कर्म पीड़िता हत्याकांड का आरोपी मूल निवासी थाना क्षेत्र निगहा के रहने वाला है। आरोपी अशोक निषाद के बाबा कालका के भाई साऊ जो 30 वर्ष पहले बांदा के मानिकपुर जोराउर थाना क्षेत्र में जा कर बस गया था। उसके दो बेटे डेलउवा केवट और झलउवा केवट इनामियां डकैत धनश्याम केवट और शंकर केवट के सदस्य थे, जिनका अक्सर आरोपियों के घर आना जाना लगा रहता था। जबकि घटना के आरोपी अशोक निषाद के बाबा कालका निगहा गांव से ढेरहा गांव में बस गए थे। आरोपियों के आपराधिक इतिहास होने और इनके शुभ अशुभ कामो में आना जाना होने के कारण लोग अक्सर इनसे भयभीत रहते थे। ग्रामीण बताते है कि इसी का फायदा उठाकर आरोपी अशोक निषाद और उसका भाई पवन निषाद भी अक्सर लोगों को डराया धमकाया करता था। 4 साल पहले हिनौता के तिवारी का पूरा में पल्टू हत्याकांड में जेल जाने के बाद भी भाई पवन निषाद ने युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दी थी। तब पीड़िता स्कूल जा रही थी। युवती ने हिम्मत दिखाते हुए थाना पुलिस में शिकायत कर पवन निषाद को जेल भेजवा दिया था। हालांकि पवन निषाद उस समय ही जेल से छूट कर आने के बाद जान से मार डालने की युवती को धमकी दिया था। युवती पर दुष्कर्म के आरोपी पवन निषाद की धमकियों का कोई असर नहीं हुआ। आखिरकार जमानत पर जेल से छूट कर आए अशोक और पवन ने युवती और उसके परिवार पर घटना में सुलह कर लेने की धमकी देना शुरू कर दी। थाना पुलिस में शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की, लेकिन पुलिस के अनसुना कर दिया। आखिर में दुष्कर्म पीड़िता को जान गवानी पड़ी।



## कन्या की शादी में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ने दिया 1 लाख 29 हजार 963 रुपए का सहयोग

**विजिया कौशाम्बी।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद कौशांबी के जिला प्रमुख अजय मिश्रा प्रधान ऐंगवा की अगुवाई में 26 नवम्बर को ब्राह्मण की बेटी की शादी में सहयोग किया गया है बिसारा गांव में ब्राह्मण कन्या आरती पुत्री स्वर्गीय सुरेश तिवारी की शादी हेतु सहयोग तमाम ब्राह्मण साथियों के साथ आकर इच्छित परिवार को सहयोग की धनराशि 1 लाख 29 हजार 963 रुपये सहयोग प्रदान किया इच्छित परिवार राशि पाकर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद को धन्यवाद दिया। इसके पहले भी कौशाम्बी जिले की टीम ने गरीब कन्यायों के विवाह करवाये है और असहाय ब्राम्हण परिवार की मदद की है। दिनांक 28-11-2023 को इस गरीब ब्राह्मण कन्या की शादी होने का समाचार जैसे ही अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के संज्ञान मे आया वैसे ही कौशाम्बी के सभी ब्राह्मण सक्रिय हो गए और 5 दिन के अंदर धन एकत्रित कर दिनांक 26-11-2023 को कन्या के घर पहुंच कर कन्या के माँ के हाथ ये राशि उपलब्ध कराई इस मौके में हरीश द्विवेदी अशोक मिश्रा नीतीश मिश्र आशीष तिवारी समर उपाध्याय सौरभ त्रिपाठी अंकित त्रिपाठी भोला प्रधान शशि कांत त्रिपाठी श्रवण मिश्रा संदीप त्रिपाठी आनन्द राज मिश्र अमित कुमार त्रिपाठी उर्फ सोनू प्रधान, मनीष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## उपद्रवियों ने डॉ. अंबेडकर की मूर्ति को किया क्षतिग्रस्त

**महगाव कौशाम्बी।** थाना सराय अकिल अंतर्गत ग्राम हर्रायपुर में रात्रि में कुछ उपद्रवी तत्वों द्वारा डॉ० भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को क्षतिग्रस्त किया गया है, जिसके संबंध में तत्काल थाना स्थानीय पर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज व अन्य माध्यमों से उन लोगों की तलास की जा रही है तथा क्षतिग्रस्त मूर्ति को पुलिस द्वारा सही करा दिया गया है, इस संबंध में क्षेत्राधिकारी चायल योगेंद्र कृष्ण नारायण द्वारा जानकारी दी गयी है।

## किशोरी को बहला फुसलाकर भाग ले जाने पर मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के एक गांव से शुक्रवार के दिन शाम लगभग 8:00 बजे गांव का ही युवक रामू पुत्र स्वर्गीय कुद्दर किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर चला गया है किशोरी के पिता ने अपने रिश्तेदारियों में खोजबीन किया लेकिन किशोरी का कहीं सुराग नहीं चल सका किशोरी के पिता ने पिपरी थाने में आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी तहरीर पाकर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## कड़ा धाम पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कड़ाधाम पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त कुशल उर्फ कुमत चंद्र पुत्र रामदास निवासी रामपुर बढनावा थाना कड़ा धाम को गिरफ्तार किया है वारंटी पर मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज है विधिक कार्यवाही के पश्चात वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया है इसी तरह अन्य थाना पुलिस ने भी अपने क्षेत्र से वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी का अभियान चलाकर वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है।

## तीन वारंटी को कोखराज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कोखराज पुलिस द्वारा 03 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लल्लू सिंह पुत्र राजा राम निवासी फकीर बक्स का पूरा थाना कोखराज विद्युत चोरी में वारन्टी था पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है इसी तरह अवधेश कुमार पुत्र राजाराम निवासी कल्याणपुर विद्युत चोरी में वारंटी थे पुलिस ने इन्हें भी गिरफ्तार कर लिया है कोखराज थाना पुलिस ने वारंटी जगदीश प्रसाद पुत्र किशन प्रसाद निवासी निधियावां थाना कोखराज को गिरफ्तार किया है इन पर विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज था जिनके खिलाफ वारंट जारी हुआ है पुलिस में तीनों आरोपियों के खिलाफ लिखा पढ़ी करने के बाद अदालत में पेश किया है।

## संदीपन घाट थाना पुलिस ने दो वारंटी किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना संदीपनघाट पुलिस द्वारा 02 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक महफूज अहमद पुत्र अब्दुल रफीक सैता थाना संदीपन घाट के विरुद्ध वारंट जारी था थाना पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है विद्युत चोरी के मुकदमे में वारन्टी थे इसी तरह मनीषा देवी पत्नी कंचन सिंह यादव निवासी बड़ागांव थाना संदीपन घाट के विरुद्ध वारंट जारी था आरोपी मनीषा देवी पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज है पुलिस ने वारंट मिलते ही इन्हें भी गिरफ्तार कर लिया है।

## संपादक की कलम से

# राजस्थान में जनतंत्र ने मारी बाजी

राजस्थान में एक बार जनतंत्र ने बाजी मार ली है। हालाँकि कुछ स्थानों पर मतदान के दौरान हिंसा, फायरिंग, तोड़फोड़ और बूथ कैप्चरिंग की वारदातें हुई। आमतौर पर प्रदेशभर में बड़ी संख्या में मतदाता अपने घर से निकले और लोकतंत्र के इस सबसे बड़े उत्सव में हंसी खुशी और उत्साह के साथ मतदान किया। युवा और बुजुर्ग मतदाता लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार का रहे थे। हजारों लोगों ने चुनाव आयोग द्वारा स्थापित सेल्फी पॉइंट पर अपनी फोटो खींचकर सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर डाली। चुनाव आयोग ने इस बार प्रत्येक सीट पर कम से कम 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा था। देश के सबसे बड़े राज्य राजस्थान की 200 विधानसभा सीटों में से 199 पर रविवार को मतदान संपन्न हुआ। इस बार प्रदेश में करीब 75 फीसदी वोटिंग हुई है। 2018 में 74. 71 प्रतिशत मतदान हुआ था। सर्वाधिक मतदान जैसलमेर में 82.32 और सबसे कम पाली में 65.12 रहा।अब सभी लोगों की निगाह 3 दिसंबर की मतगणना पर टिकी है। राज्य में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी के बीच है।

राजस्थान के मतदाता हर चुनाव में सरकारों को उखाड़ फेंकने के लिए जाने जाते हैं। इस बार हुआ भारी मतदान बदलाव का संकेत दे रहा है। चुनावी इतिहास बताता है हर बार जब चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ा है तो बीजेपी को इसका लाभ मिला है, जबकि वोट प्रतिशत घटने पर कांग्रेस को लाभ होता है। राजस्थान में बीते 30 सालों के रिकॉर्ड को देखें तो हर पांच साल में सरकार बदलने का रिवाज चला आ रहा है। चुनावों की घोषणा के समय लगभग सभी खबरिया चैनलों के ओपिनियन पोल में निर्विवाद रूप से भाजपा की बढ़त दिखाई गई थी। सटोरिये भी भाजपा की जीत की भविष्यवाणी कर रहे है। सत्ता विरोधी लहर का दबदबा भी स्पष्ट रूप से देखा गया। इस बार का चुनाव राजनीतिक पार्टियों के भारी धूम धड़ाके और गाजे बाजे के साथ संपन्न हुआ। राजस्थान में सत्ता विरोधी लहर के बावजूद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपनी सरकार बचाने के लिए दिन रात एक किये। वहीं भाजपा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के भरोसे अपनी सरकार बनाने की उम्मीद पाले हुए है। राजस्थान में तीन दशक से एक परपंरा बनी हुई है कि 5 साल कांग्रेस सत्ता में रहती है और 5 साल भाजपा। राजस्थान के पिछले छह चुनावों पर गौर करें तो पाएंगे यहाँ हर बार सरकार बदलती रही है। 1993 में भाजपा, 1998 में कांग्रेस, 2003 में भाजपा, 2008 में कांग्रेस 2013 भाजपा और 2018 में फिर कांग्रेस ने कब्जा कर लिया था। सत्ता परिवर्तन का यह रिवाज कायम रहता है तो इस बार बारी भाजपा की है। हालाँकि यह तो नतीजे ही बताएँगे कि राजस्थान में रिवाज कायम रहता है या गहलोत सरकार परंपरा को तोड़ पाती है।

मतदान के बाद कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियां अपनी अपनी जीत के दावे कर रहे है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस के खिलाफ कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं है और पार्टी राज्य में फिर से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि कोई अंडरकरंट है। लगता है कि कांग्रेस दोबारा सरकार बनेगी। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने गहलोत के अंडरकरंट वाले बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा, मैं उनसे सहमत हूं। वास्तव में एक अंडरकरंट है लेकिन यह बीजेपी के पक्ष में है। तीन दिसंबर को कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) खिलेगा।

प्रदेश के सियासी क्षेत्रों में इस बात की चर्चा हो रही है मुख्यमंत्री कौन बनेगा। भाजपा में वसुंधरा राजे, राजेंद्र राठौड़, सांसद सीपी जोशी, सतीश पूनिया आदि की चचाओं का बाजार गर्म है। वसुंधरा के विकल्प के रूप में दिया कुमारी का नाम भी लिया जा रहा है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मन में क्या है इसकी थाह लगाना बड़ी मुश्किल है। मोदी ने हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर को मुख्य मंत्री बनाकर धमाका कर दिया था। वहीं कांग्रेस में अशोक गहलोत बनेंगे या सचिन पायलेट इसकी चर्चा की जा रही है। यह भी बताया जाता है वसुंधरा से भाजपा आलाकमान नाराज है।

## समय के यथार्थ संयोजन से जीवन को समर्थ बनाएं

समय के समग्र मूल्य को बेंजामिन फ्रैंकलीन ने पहचानते हुए कहा था बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता है। यह वाक्य अत्यंत यथार्थ भी है, खोया हुआ धन अर्जित कर सकते हैं पर खोए हुए वैभव और समय के महत्वपूर्ण क्षण को पुनः प्राप्त नहीं किया जा सकता।समय को एक बार खो देने के बाद वापस प्राप्त करना बहुत मुश्किल ही नहीं असंभव है।इसीलिए यह कहावत कही गई है "काल करे सो आज कर, आज करे सो अब,
पल में परलय होएगी
बहुरि करेगा कब"प्रसिद्ध लेखक मेसन ने समय को महिमामंडित करते हुए कहा है सोने के कण की तरह समय का हर क्षण मूल्यवान है। प्लेटफार्म पर खड़ी रेलगाड़ी भी अपने यात्रियों का इंतजार नहीं करती और देर से पहुंचने वाले यात्री हाथ मलते रह जाते हैं,उनके पास अफसोस करने के अलावा कुछ नहीं रह जाता।समय और समुद्र की लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करती, समय के महत्व को दशार्ते प्रकृति के कई उदाहरण भी हैं, बरसात के समय वर्षा देर से आने से कृषि सूख जाती है. इसलिए कहा गया है "का वर्षा जब कृषि सुखावे," इसीलिए इतिहास में महान लोगों ने समय के साथ निज के अनुशासन और श्रम के महत्व को अपने जीवन में अपनाकर अपने आप को बड़ा बनाकर इतिहास में अपना नाम स्थापित किया है। समाज में जितने भी प्रसिद्ध, नामचीन और महान बने हैं, या उदाहरण देने लायक बने हैं, उन सब ने समय को समय देकर अपने आप को समाज में अग्रणी स्थान पर स्थापित किया है,और हजारों,लाखों लोग उनका सम्मान कर उनका अनुसरण भी करने लगते हैं। समय का महत्व और निज पर शासन फिर अनुशासन एक दूसरे से जुड़े तथा पर्यायवाची ही है। जिसमें भी समय के महत्व को समझते हुए उसका अनुशासन के साथ उपयोग किया है,वे अपनी जिंदगी में आर्थिक सामाजिक एवं वैश्विक रूप से अपने आप को सफल बना चुके हैं। विद्वानों में यह भी कहा है कि जो कार्य जिंदगी में आप को सबसे कठिन एवं क्लिष्ट लगने लगता है, उसे समय और अनुशासन के साथ सबसे पहले किया जाना चाहिए, और तब तक करना चाहिए जब तक वह कार्य अपनी परिणति तक ना पहुंचे, और ऐसी प्रक्रिया से आप सफलता की सीढ़ी चढ़कर एक सफलतम व्यक्तित्व बन सकते हैं। और सफल व्यक्ति ही समाज को दृढ़ समृद्ध और महान बना सकता है।

पश्चिमी देशों में इंग्लैंड का नाम इसीलिए भी ग्रेट ब्रिटेन और यूनाइटेड किंगडम कहा जाता है उन्होंने अनुशासन और समय का सर्वाधिक सदउपयोग कर पूरे विश्व में किसी समय राज किया था। हालांकि समय और अनुशासन का उन्होंने दमन नीति अपनाकर अनुचित उपयोग भी किया था। सकारात्मक रूप से भारत के वैज्ञानिको ने समय तथा अनुशासन का पालन करते हुए अपने अन्वेषण और शोध में कठोर श्रम करके जो भी नवीन उपलब्धियां हासिल की, वह वैश्विक रूप से स्वीकार हुई, और उन्हें अनेक राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुए। जो व्यक्ति अपना निश्चित कार्यक्रम बना कर मानसिक वृत्तियों को संयमित, मर्यादित कर कार्य करता है, उसे जीवन संग्राम में अवश्य बड़ी सफलता अर्जित होती है।समय के महत्व को समझने के लिए वैसे तो सभी वर्गों के लिए यह आवश्यक है, पर समय की महत्ता का सर्वाधिक महत्व विद्यार्थियों के लिए होता है। जो विद्यार्थी समय को महत्व को समझते हुए अनुशासित तरीके से मेहनत करता है उसे परीक्षाओं में दिल से सफलताएं प्राप्त होती हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं में समय के महत्व को ध्यान में रख पढ़ाई करके वह बड़ी-बड़ी परीक्षाएं उत्तीर्ण कर बड़े-बड़े पदों को प्राप्त करते हैं बोलतें हैं कि जीवन में समय का दुरुपयोग एक तरह से आत्महत्या के समान है। समय का दुरुपयोग जीवन की सफलता का प्रमुख कारण है। क्योंकि समय के व्यतीत हो जाने के बाद अफसोस करने से गुजरा हुआ समय वापस नहीं लौटता और व्यक्ति के पास पछताने के अलावा कुछ नहीं बच पाता।युवा वर्ग को खासकर शरीर को स्वस्थ रख समय पर निंद्रा, भोजन,व्यायाम करने की आदत डाल लेना चाहिए,वैसे तो युवा वर्ग को समयानुसार अलसुबह उठकर ताजी हवा लेने का नियम बनाकर ब्रह्म मुहूर्त में अध्ययन करने की नियमावली बना लेना चाहिए।

# भारत की सनातनी, आध्यात्मिक विचारधारा ही देश को विश्व में अग्रणी बनाएगी



भारत का सांस्कृतिक, आध्यात्मिक वैदिक इतिहास सदैव प्रबुद्ध तथा गौरवशाली रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि इस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे। प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए।

जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊजार्वान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी ग्रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता ,रामायण ,महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है। देश में अनेक साधु संत ज्ञानी जिनमें मोहम्मद मूसा कबीर, रैदास, नामदेव, तुकाराम चैतन्य, तुलसीदास शंकरदेव जैसे महापुरुषों ने देश के सांस्कृतिक आध्यात्मिक विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में अनेक विदेशी आक्रमणों को झेल कर उन्हें आत्मसात किया है किंतु हमारी संस्कृत पाली एवं प्राकृत भाषा अन्य भाषाओं के साथ आज भी समृद्ध है। भारत में अनेक भाषा क्षेत्र एवं बोलियां हैं किंतु हिंदी, पंजाबी, गुजराती, बांग्ला, मराठी ,असमिया भाषाएं उसी तरह पल्लवित पुष्पित हो रही हैं जैसे की संस्कृत और प्राकृत पाली भाषा होती रही है। भारत में स्वाधीनता के बाद विकास के प्रगति के पथ पर वैज्ञानिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया और पृथ्वी से लेकर नभ तक हर क्षेत्र में मानव की अतीव उत्कंठा ,जीजिविषा के कारण हमने चांद पर भी अपने वायुयान भेजें हैं। देश के नागरिकों की भौतिकवादी सुविधा के लिए भी हमने वतानुकुलित यंत्र ,वायुयान तेज चलने वाली ट्रेनें और वायुमंडल में अनेक ऐसे तथ्यों को जो आज तक छुपे हुए थे उजागर कर अपने महत्व के लिए इसका उपयोग करना शुरू किया है। यह कहावत आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और आकाश का कोई अंत नहीं यानी मनुष्य की इच्छाओं का कोई अंत नहीं है मनुष्य पर सही प्रतीत होती है।इसी तरह प्रगति और विकास का भी कोई अंत या अनंत नहीं है। भारत देश में वैश्विक स्तर पर राजनैतिक सामाजिक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर काफी प्रगति की एवं विश्व में योग अध्यात्म दर्शन का लोहा भी मनवाया है। मनुष्य की अभिलाषा का कोई निश्चित लक्ष्य नहीं है, मनुष्य मूल रूप से अत्यंत महत्वकांक्षी,लोलुप एवं इच्छाओं का दास हुआ करता है, ऐसे में पूर्व में किए गए कार्यों को निरंतर सुधार कर उसे नए रूप में प्राप्त करना मनुष्य की अभिलाषा हो सकती है,पर इसके लिए अथक मेहनत संघर्ष आत्मविश्वास एवं संयम की आवश्यकता होगी तभी जाकर हम अपने नए-नए लक्ष्यों को विकास तथा प्रगति के पैमाने पर टटोलकर आगे बढ़ा सकते हैं। पर लक्ष्य की प्राप्ति के साधन जरूर सच्चे ,पवित्र और मानव कल्याण की ओर अग्रेषित होने चाहिए, तब ही विकास प्रगति चाहे वह आध्यात्मिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक अथवा वैज्ञानिक ही क्यों ना हो सफल हो सकती है।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में यंग माइंड्स की प्रभावशाली भागीदारी जरूरी

वैश्विक स्तरपर किसी भी राष्ट्र के निर्माण में युवा वर्ग एक अहम भूमिका निभाता है। युवा वर्ग शारीरिक और मानसिक रूप से किसी भी कार्य को कुशलता पूर्वक करने में सक्षम होता है। हर व्यक्ति जीवन के इस दौर से गुजरता है। युवाओं को उच्चस्तर की शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए और विभिन्न क्षेत्रो में अपना योगदान देना चाहिए।किसी भी राष्ट्र में कुल जनसंख्या का 20-30 जबकि भारत में विशेष रूप से 65 प्रतिशत हिस्सा युवा हैं। किसी भी राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा वर्ग का सर्वाधिक योगदान रहा है। राष्ट्र की प्रगति विज्ञान, प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य, प्रबंधन और अन्यक्षेत्रों में विकासपर निर्भर होती है।। इन सभी मानदंडों को पूरा करने के लिए सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक आधार पर युवा का सशक्तीकरण आवश्यक है।युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढ़ी और उनकी उपलब्धियाँ होती हैं। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। इसलिए युवा राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं। आज इस विषय पर अलग अलग शब्द सीमा में हम आपके लिए कुछ निबंध लेकर आये हैं जिनके माध्यम से आप इस विषय को बेहतर ढंग से समझ पायेंगे। जिस तरह से इंजन को चालू करने के लिए इंधन जिम्मेदार होता है; ठीक उसी तरह युवा राष्ट्र के लिए है। यह राष्ट्र की प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करता है।किसी भी राष्ट्र को प्रौद्योगिकियों, शोध, विज्ञान, चिकित्सा, यानी आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक के संदर्भ में प्रगति और विकास के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। जब युवा अपने प्रयासों के साथ ईमानदारी से यही काम करता हैं, तो इसे चिह्नित किया जाता है। भारत में युवाओं की सबसे बड़ी संख्या है, जिन्हें यदि बेहतर तरह से पोषित किया जाये और अगर ये अपना प्रयास सही दिशा में लगाते हैं, तो यह देश पूरी दुनिया में सबसे उत्कृष्ट बन जायेगा। चूंकि आज विकसित भारत बनाने में यंग माइंड्स की प्रभावशाली भागीदारी जरूरी है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे युवा जब ऊजार्वान प्रेरित अभिप्रेरित होंगे तो उनके प्रदर्शन करने की क्षमता अनंत होगी। दुनियां में जहां भी बदलाव हुए हैं वहां तरुणाई ने हमेशा नेतृत्व किया है।

साथियों बात अगर हम युवाओं पर नेल्सन मंडेला की कहावत की करें तो, उनकी एक खूबसूरत कहावत है कि, आज के युवा कल के नेता हैं, जो हर एक पहलू में सही लागू होता है। युवा राष्ट्र के किसी भी विकास की नींव रखता है। युवा एक व्यक्ति के जीवन में वह मंच है, जो सीखने की कई क्षमताओं और प्रदर्शन के साथ भरा हुआ है।युवाओं की शक्ति राष्ट्र का सर्वांगीण विकास और भविष्य, वहां रहने वाले लोगों की शक्ति और क्षमता पर निर्भर करता है और इसमें प्रमुख योगदान उस राष्ट्र के युवाओं का है।युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढ़ी और उनकी उपलब्धियाँ होती हैं। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। इसलिए युवा राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं।

साथियों बात अगर हम युवाओं पर भारत की करें तो भारत लोकतंत्र की जननी है। देश की विविधता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। हमें अपनी विविधता को सबसे बड़ी ताकत बनाते हुए देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जी-जान से जुटना होगा। वर्तमान समय की यह बड़ी उपलब्धि रही है कि देशवासियों में भारतीयता की सामूहिक चेतना का पुनर्जागरण हुआ है। इसी सामूहिक चेतना के कारण भारत के विकसित राष्ट्र का संकल्प और मजबूत हो रहा है। आज जन कल्याण से जग कल्याण की राह पर चलने वाला भारत पहला राष्ट्र है। आज समूचा विश्व भारत की तरफ गर्व और अपेक्षा से देख रहा है। वर्तमान कुशल नेतृत्व और त्वरित निर्णय शक्ति के कारण आज दुनिया के शक्तिशाली देश भी तमाम समस्याओं के समाधान के लिए भारत को मार्गदर्शक के तौर पर देखने लगे हैं। राष्ट्र को विकसित बनाने में युवाओं की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भागीदारी हो सकती है। आगामी 25 वर्षों में भारत को विकसित देशों की श्रेणी में शामिल करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा।

प्रधानमंत्री का भाषण आजादी के अमृत काल में युवाओं के लिए पथ-प्रदर्शक का कार्य करेगा।आज जब हम आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर चुके हैं तो यह पिछले 75 वर्षों में देश के संकल्पों को पूरा करने वाले सभी लोगों के योगदान का स्मरण करने का अवसर है। साथ ही अमृत काल के आने वाले 25 वर्षों पर अपनी शक्ति और सामर्थ्य को केंद्रित भी करना है। तभी वर्ष 2047 में एक शक्तिशाली और विकसित राष्ट्र का सपना साकार होगा। युवा वर्ग देश का भविष्य होने के साथ-साथ हमारे देश के विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत में युवाओं की संख्या अन्य देशों से अधिक है। भारत की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या की आयु 35 वर्ष से कम है। सरकार का पूरा ध्यान युवाओं के माध्यम से विकास लाने पर केन्द्रित है। उनके अनुसार युवा देश के विकास के लिए अपना सक्रिय योगदान प्रदान करें न कि केवल उसका एक हिस्सा बनकर रह जाएँ। सरकार द्वारा पेश की गई राष्ट्रीय युवा नीति-2014 का उद्देश्य युवाओं की क्षमताओं को पहचानना और उसके अनुसार उन्हें अवसर प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना और इसके माध्यम से विश्वभर में भारत को उसका सही स्थान दिलाना है।युवाओं के व्यक्तित्व में सुधार लाने, उनमें नेतृत्व के गुण विकसित करने एवं उनमें जिम्मेदार नागरिक के गुण और स्वयंसेवा की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से युवा मामले विभाग ने विभिन्न कार्यक्रमों को कार्यान्वयित किया है। युवा देश की आबादी का सबसे जीवंत और संसाधन पूर्ण हिस्सा है, इनकी सामाजिक, आर्थिक विकास के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका है। गरीबी से बाहर आने एव आजीविका विकास के लिए उनकी आंतरिक क्षमताओं को बाहर लाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिससे कि वे स्वस्थ एवं सार्थक जीवन यापन कर सकें। पीएम ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो रोडमैप साझा किया, उसे धरातल पर उतारने की पहली जिम्मेदारी देश के युवाओं की है। कहते हैं, जिस ओर जवानी चलती है, उस ओर जमाना चलता है।

# नानक नाम जहाज है, चढ़े सो उतरे पार...



**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष कार्तिक मास की पूर्णिमा को गुरु नानक जयंती मनाई जाती है और इस वर्ष 27 नवंबर को यह पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारी है। सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक जयंती को प्रकाश पर्व भी कहा जाता है। इस बार गुरु नानक का 554वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। पाखण्डों के घोर विरोधी रहे गुरु नानक देव की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना और बाह्य आडम्बरों से दूर रखना था। गुरु नानक जयंती के अवसर पर उनके जीवन, आदर्शों तथा उनकी दी हुई शिक्षाओं का स्मरण किया जाता है। इस दिन धर्म गुरु और समाज के सम्माननीय लोग गुरु नानक की शिक्षाओं और संदेशों को दोहराते हैं ताकि लोगों के बीच उनके पवित्र विचारों को फिर से ताजा किया जा सके।

सितंबर 2019 में प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नेपाल ने सौ, एक हजार तथा ढाई हजार रुपये के तीन स्मारक सिक्कों का सेट जारी किया था। पाकिस्तान सरकार भी 50 रुपये का एक सिक्का जारी कर चुकी है। कोलकाता टकसाल द्वारा 550वें प्रकाशोत्सव पर 12 नवम्बर 2019 को 44 मिलीमीटर गोलाई वाला 35 ग्राम वजनी 550 रुपये का एक स्मारक सिक्का जारी किया था। सिक्के के एक ओर गुरुद्वारा श्री बेर साहिब का चित्र उकेरा गया और उसी ओर सिक्के पर देवनागरी व अंग्रेजी में श्री गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व लिखा गया।

गुरु नानक का विवाह 19 वर्ष की आयु में गुरदासपुर के मूलचंद खत्री की पुत्री सुलखनी के साथ हुआ था किन्तु धार्मिक प्रवृत्ति के नानक को गृहस्थाश्रम रास नहीं आया और वे सांसारिक मायाजाल से दूर रहने का प्रयास करने लगे। पिता ने उन्हें व्यवसाय में लगाना चाहा किन्तु व्यवसाय में भी उनका मन न लगा। एक बार पिता ने कोई काम-धंधा शुरू करने के लिए उन्हें कुछ धन दिया लेकिन नानक ने सारा धन साधु-संतों और जरूरतमंदों में बांट दिया और एक दिन घर का त्याग कर परमात्मा की खोज में निकल पड़े। पाखंड के घोर विरोधी रहे गुरु नानक की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना किन्तु बाह्य आडम्बर से दूर रखना ही था। वे सदैव छोटे-बड़े का भेद मिटाने के लिए प्रयासरत रहे और उन्होंने निम्न कुल के समझे जाने वाले लोगों को सदैव उच्च स्थान दिलाने के लिए प्रयास किया। ह्यएक पिता एकस के हम बारिकह्न नामक उनका सिद्धांत समाज में ऊंच-नीच और अमीर-गरीब के भेद को मिटाता है।

इस प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरु नानक से जुड़ी कुछ ऐसी घटनाओं और किस्सों का उल्लेख करना अनिवार्य हो जाता है, जो उनकी महानता और चमत्कारिक शक्तियों को स्पष्ट परिलक्षित करती हैं। गुरु नानक एक बार हरिद्वार पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बहुत से लोग गंगा में स्नान करते समय अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पूर्व दिशा की ओर उलट रहे हैं। उन्होंने विचार किया कि लोग किसी अंधविश्वास के कारण ऐसा कर रहे हैं। तब उन्होंने लोगों को वास्तविकता का बोध कराने के उद्देश्य से अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पश्चिम दिशा की ओर उलटना शुरू कर दिया।

जब लोगों ने काफी देर तक उन्हें इसी प्रकार पश्चिम दिशा की ओर पानी उलटते देखा तो उन्होंने पूछ ही लिया कि भाई तुम कौन हो और पश्चिम दिशा में जल देने का तुम्हारा क्या अभिप्राय है? नानक ने उन्हीं से पूछा कि पहले आप लोग बताएं कि आप पूर्व दिशा में पानी क्यों दे रहे हैं?
लोगों ने कहा कि वे अपने पूर्वजों को जल अर्पित कर रहे हैं ताकि उनकी प्यासी आत्मा को तृप्ति मिल सके। इस पर नानक ने पूछा कि तुम्हारे पूर्वज हैं कहां? लोगों ने जवाब दिया कि वे परलोक में हैं लेकिन तुम पश्चिम दिशा में किसे पानी दे रहे हो? गुरु नानक बोले कि यहां से थोड़ी दूर मेरे खेत हैं। मैं यहां से अपने उन्हीं खेतों में पानी दे रहा हूं। लोग आश्चर्यचकित होकर पूछने लगे, ह्यह्यखेतों में पानी! पानी खेतों में कहां जा रहा है? यह तो वापस गंगा में ही जा रहा है और यहां पानी देने से आपके खेतों में पानी जा भी कैसे सकता है?
गुरु नानक ने उनसे पूछा कि यदि पानी नजदीक में ही मेरे खेतों तक नहीं पहुंच सकता तो इस प्रकार आप द्वारा दिया जा रहा जल इतनी दूर आपके पूर्वजों तक कैसे पहुंच सकता है? लोगों को अपनी गलती का अहसास हुआ और वे गुरु जी के चरणों में गिरकर प्रार्थना करने लगे कि उन्हें सही मार्ग दिखलाएं ताकि जिससे उन्हें परमात्मा की प्राप्ति हो सके। गुरुनानक सदैव मानवता के लिए जीए और जीवनपर्यन्त शोषितों व पीड़ितों के लिए संघर्षरत रहे। उनकी वाणी को लोगों ने परमात्मा की वाणी माना और इसीलिए उनकी यही वाणी उनके उपदेश एवं शिक्षाएं बन गई। ये उपदेश किसी व्यक्ति विशेष, समाज, सम्प्रदाय अथवा राष्ट्र के लिए ही नहीं बल्कि चराचर जगत एवं समस्त मानव जाति के लिए उपयोगी हैं।

# प्रधानमंत्री के रोग मुक्त भारत का सपना जल्द होगा पूरा: आरके सिंह पटेल

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भवः मेला ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रही है।

रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में आयुष्मान भवः मेला में बतौर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल ने फीता काटकर सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। आयुष्मान भवः मेले मे दूर-दराज से आई गर्भवती महिलाओं, तीमारदारों से स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं के बारे में सांसद आरके सिंह पटेल ने हाल-चाल लिया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गांव-गरीब के विकास से लेकर स्वास्थ्य सुविधा समेत रोग मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में सुविधाओं की सराहना करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ उदय प्रताप सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वास्थ्य सेवा को धरातल में गांव-गांव आशा बहू आदि उतार रही हैं। स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी मे मेले में एक छत के नीचे सभी रोगों की निःशुल्क जांच, इलाज व गोल्डन कार्ड से पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क व्यवस्था गरीबों को सरकार दे रही है।



आयुष्मान मेले में बोलते सांसद।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने गरीबों के स्वस्थ रहने को कार्य कर रहे हैं। बीपी शुगर से लेकर सभी जांच एवं रोगों का निदान स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में निःशुल्क हो रहा है। पीएम मातृ वंदना योजना बाबत कहा कि सरकार जच्चा-बच्चा को पांच हजार रुपये तीन किस्तों में सीधे लाभार्थी के खाते में दे रही है। बच्चा खान-पान से हस्ट-पुष्ट रहे। कन्या सुमंगला में जन्मी बच्ची को जन्म से लेकर विद्यालय तक के सफर को सरकार 15 हजार रुपये सीधे लाभार्थी एवं बच्ची के खाते में दे रही है। आयुष्मान गोल्डन कार्ड से सरकार पांच लाख के इलाज की व्यवस्था कर रखी है। असाध्य बीमारी एवं आकस्मिक घटना पर गोल्डन कार्ड से प्राइवेट अस्पतालों एवं चिकित्सकों के यहां इलाज संभव है। डॉ उदय प्रताप सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। मेले में डिजिटल हेल्थ आभा आईडी कार्ड से प्रत्येक बीमारी की हिस्ट्री रहती है। देश में किसी जगह चिकित्सकों को आईडी कार्ड से बेहतर इलाज ले सकते हैं। काउंसलर सोनम त्रिपाठी ने परिवार नियोजन बाबत जानकारी दी। बीपीएम राधे कृष्ण ने पुरुष नसबंदी 28 नवंबर से चार दिसंबर तक विशेष कैंप की जानकारी दी। डॉ श्वेता मिश्रा, डॉ बरखा सिंह ने प्रसूता महिलाओं एवं बच्चों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, समाजसेवी आशीष सिंह रघुवंशी, प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल, डॉ दीपक यादव, डॉ मोहित विद्यार्थी, डॉ सौम्या शुक्ला, आयुष चिकित्सक डॉ विनोद, डॉ कमल, चीफ फार्मासिस्ट मानसिंह, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मो सैफ, एलटी क्षय रोग राजेंद्र सिंह, अनुज कुमार, जय सिंह, आयुष्मान मित्र सुनील कुमार, शुभम गुप्ता, अंकिता देवी, पूनम, संगिनी, उर्मिला गुप्ता, आशा शबनम बेगम, विद्यावती साहू, साधना गुप्ता, सुनीता नामदेव, ममता आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छ शरीर में स्वस्थ्य मानसिकता लेती है जन्म: ईओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत कामदगिरि स्वच्छता समिति ने 93वां स्वच्छता अभियान चलाया। ईओ लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छ शरीर में ही स्वस्थ्य मानसिकता जन्म लेती है।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एंबेसडर राकेश केसरवानी ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में अहम भूमिका निभाती है। गांधीजी ने स्वच्छता को सेवा भाव कहते हुए स्वच्छ मनुष्य ही स्वच्छ समाज की नींव रख सकता है। लोगों को कामतानाथ परिक्रमा करते समय स्वच्छता का ध्यान देना चाहिए। स्वच्छ चित्रकूट स्वच्छ परिक्रमा हो, सभी लोग सहयोग करें। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता से रहने पर बहुत सी बीमारियों से बच सकते हैं। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छ जीवन मंत्र जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। भगवान कामतानाथ की परिक्रमा करते समय परिक्रमा की स्वच्छता का ध्यान सबको रखना चाहिए। आज के अभियान में जितेंद्र केसरवानी, शिव शरण, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, वीरेंद्र, पप्पू, रंजीत अर्जुन, अभिलाष, रवि, मनोज व नगर पालिका की टीम मौजूद रही।


स्वच्छता अभियान में जुटे लोग।

## दलित गौरव संवाद में कांग्रेस ने दिलाई शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड की अगुवाई में कर्वी ब्लॉक के लोढवारा गांव में दलित गौरव संवाद चैपाल में संविधान दिवस पर शपथ दिलाई।

रविवार को जिलाध्यक्ष कुशल पटेल ने कहा कि कांग्रेस पूरे प्रदेश में गांव-गांव दलित गौरव संवाद कर रही है। पूर्व प्रधान/क्षेत्र पंचायत/जिला पंचायत/ शिक्षक/ समाजसेवी/डॉक्टर से मिलकर दलित गौरव अधिकार पत्र भरवाये जा रहे हैं। इसी क्रम में दलित अधिकार पत्र भरवाये गए। कांग्रेस ने हमेशा संविधान व लोकतंत्र की रक्षा को संघर्ष किया है। आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, ब्लॉक अध्यक्ष जगजाहिर पटेल, महेंद्र सिंह, राज नारायण निषाद, शिवपूजन सिंह, राजू, दिलीप कुमार, भैरव प्रसाद, रामनरेश सिंह, रामचरण आदि ग्रामीण मौजूद रहे।


दलित अधिकार पत्र भरवाते जिलाध्यक्ष।

## महाविद्यालय की भूमि पर हो रहा अवैध कब्जा

**मऊ/चित्रकूट।** महामती प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ की नींबी रोड स्थित भूमि गाटा संख्या 3639 रकबा 0.333 हे में नींबी रोड के एक व्यक्ति ने कब्जा करने की नीयत से निर्माण कार्य शुरू कर दिया। इसे रोकने को महाविद्यालय प्रबंध समिति प्रबंधक ने थाना समाधान दिवस में पत्र सौंपकर कार्यवाई की मांग की है। रविवार को महाविद्यालय प्रबंधक सुन्दरलाल सुमन ने कहा कि ये भूमि महाविद्यालय की है। न्यायालय उपजिलाधिकारी मऊ ने निर्माण कार्य में स्थगन आदेश देते हुए प्रभारी निरीक्षक मऊ को कार्य रोकवाने बाबत आख्या मांगी थी। अभी तक निर्माण कार्य नहीं रोका जा सका।

महाविद्यालय प्रबंधक सुंदरलाल सुमन ने आपत्ति जताते हुए न्यायहित में पुनः पुलिस एवं राजस्व टीम की मौजूदगी में पैमाइश कराकर न्यायोचित कार्यवाही की मांग की है।

## एएसपी ने संविधान प्रस्तावना की दिलाई शपथ, चन्द्रिका ने भी दिलाई शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संविधान दिवस पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस कार्यालय में सभी अधिकारी/कर्मचारियों को संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलायी। रविवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने संविधान दिवस पर सभी लोगों को शपथ दिलाते हुए कहा कि संविधान के अनुसार कार्य करें। संविधान ही देश को महान बनाता है। इस मौके पर सीओ कार्यालय राज कमल, सीओ प्रज्ञान अनुज मिश्रा, वाचक पुलिस अधीक्षक पारितोष दीक्षित आदि मौजूद रहे।



शपथ दिलाते एएसपी व अम्बेडकर चित्र पर माल्यार्पण करते शिक्षक।

इसी क्रम में सभी थाना/ चैकी में थानाध्यक्षों/ प्रभारियों ने अधिकारी/ कर्मचारियों को संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलायी।

इसी क्रम में संविधान दिवस पर मतदाता जागरूकता अभियान रैली उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतकूप से छात्रों ने घोष दल के बैंडबाजे समेत निकाली। रैली में शामिल बच्चों ने कहा कि कोई भी मतदाता 18 वर्ष पूरे कर चुके हों, वे बूथ में जाकर वोटर लिस्ट में नाम शामिल करायें। लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभायें। बतौर मुख्य अतिथि चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि भारत के संविधान प्रस्तावना को पढ़ा। बूथ 340 व 339 में नये मतदाता बनाने को अपने हाथों से फार्म भरकर बीएलओ को नाम बढ़ाने को दिया। निर्देश दिए कि कोई भी व्यक्ति वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने से वंचित न रहे। इस मौके पर गयाप्रसाद बौद्ध, बीएलओ हरिशंकर व राजतिलक सिंह, चुन्नू लाल, शिवांगी, तनुजू गुप्ता, विमला देवी, पूनम कोल, राधिका, केता देवी, रमेश कुमार, कल्लू, रामनरेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सीएम योगी पस्त, जिला प्रशासन मस्त

### जैनब एंड कम्पनी की भांति हो कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 12 दिसम्बर 2012 को डीएम डॉ बलकार सिंह ने एक और पत्र संख्या 4954 एसडीएम सदर, सीओ सिटी व ईओ नगर पालिका कर्वी को लिखा था कि कर्वी बस स्टैण्ड के पास सडक व कुआ नम्बर 144 पर कुछ लोगों ने अवैध ढंग से कब्जाकर दुकानें बनाकर किराया वसूलने की अवैध कार्यवाही कर रहे हैं। ऐसे मामले की सूचना संकलित कर औचक निरीक्षण कर अवैध ढंग से वसूली करने वाले लोगों पर प्रभावी कार्यवाही कर तीन दिन में अवगत करायें। ये पत्र भी धूल फांक रहा है। अवैध कब्जाधारक प्रयागराज के जैनब एंड कम्पनी की भांति सरकारी जमीन पर अवैध कब्जाकर दुकानें बनाकर प्रतिवर्ष दसों लाख रुपये अवैध ढंग से वसूल रहे हैं। इन पर भी जैनब एंड कम्पनी की भांति कडी कार्यवाही होनी चाहिए।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सार्वजनिक सम्पत्ति पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ जहां कडे निर्देश दे रहे हैं, वहीं जिला प्रशासन नजूल भूमि व सरकारी सडक पर काबिज लोगों पर मेहरबान है। गरीबों-असहायों के अवैध कब्जे हटवाकर प्रशासन अपनी पीठ खुद थपथपा रहे हैं। बडे दौलतमन्दों के सरकारी सडक पर अवैध कब्जे व नजूल भूमि पर बने सरकारी भवनों को ढहाने में हिचकिचा रहे हैं। ये विडम्बना नहीं तो और क्या है? ऐसे अवैध कब्जेधारकों के खिलाफ प्रयागराज की जैनब एंड कम्पनी की भांति कार्यवाही होनी चाहिए।


सोनेपुर रोड पर बना स्वास्थ्य भवन।

### सार्वजनिक सम्पत्ति-नजूल भूमि के अवैध कब्जेधारक मालामाल

नजूल भूमि पर बने भवनों व सरकारी सडक पर लम्बे अरसे से काबिज लोगों का खुलासा रविवार को हुआ। बताया गया कि जिले में नजूल की जमीनों पर अराजकतत्वों की निगाहें हैं, कुछ सरकारी विभाग भी नजूल भूमि को हथियाने को लार टपका रहे हैं। प्रदेश शासन ने सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटवाने का अभियान जारी किये हैं, यहां ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। शासन की नीति अनुसार किसी भी नजूल भूमि को फ्रीहोल्ड कराये बिना उस पर निर्माण का अधिकार शासकीय/अशासकीय/अर्द्धशासकीय या अन्य किसी संस्था को अधिकार नहीं है। नजूल भूमि को फ्रीहोल्ड कराकर जिलाधिकारी की निर्धारित लागत अनुसार सरकारी मद में धनराशि जमाकर शासन से अनुमति लेनी होती है। नगर पालिका, नगर पंचायत व विकास प्राधिकरण को नजूल भूमि फ्रीहोल्ड कराने में 25 से 30 फीसदी छूट का प्राविधान है। सरकारी विभागों में इन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। सदर तहसील के सोनेपुर गांव स्थित सडक किनारे कीमती नजूल भूमि 610 में स्वास्थ्य विभाग ने बिना फ्रीहोल्ड कराये भवन निर्माण कर लिया था। 24 फरवरी 2011 में एडीएम रहे राजाराम ने फ्रीहोल्ड कराने को नोटिस भेजकर धनराशि जमा करने व निर्माणकर्ता अधिकारी को अवगत कराने को कहा था। स्वास्थ्य विभाग ने ऐसा न कर न पैसा जमा किया और न भवन में कोई गतिविधि संचालित की। ये भवन धीरे-धीरे बेकार होने की कगार पर पहुंच गया है। इसी प्रकार जिला मुख्यालय के धुस मैदान में विद्युत विभाग आफिस के पास नजूल भूमि संख्या 628, 629, 630 में तकरीबन 0.70 एकड के विशाल भू-खण्ड को बिना फ्रीहोल्ड कराये नया पावर हाउस बना लिया गया। इसी मैदान के दूसरे छोर पर नजूल भू-खण्ड 627 पर यूनीसेफ जल निगम ने बिना फ्रीहोल्ड के दो मंजिला कार्यालय भवन बना लिया है। सवाल है कि सरकारी विभाग ही नजूल भूमि को फ्रीहोल्ड कराये बिना अवैध ढंग से कब्जे में ले रहे हैं, ऐसे में नजूल भूमि को खुर्द-बुर्द प्रशासन खुद कराने में जुटा है?

### करोडों की नजूल भूमि पर हैं अवैध कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 2011 में एडीएम रहे राजाराम ने सीएमओ को लिखे पत्र में पत्रांक 1069/21 स्था.नि.सहा./2010-11 के जरिये 24 फरवरी को कहा कि 31.01.2010 का संदर्भ ग्रहण करें। नजूल भू-खण्ड 257/1 रकबा 0.219 हे पर प्रशासनिक अधिकारियों के मौखिक कथन पर स्वास्थ्य केन्द्र बना लिया है। उन्होंने नजूल भू-खण्ड अपर जिलाधिकारी की आख्या के पत्रांक का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र एक करोड 31 लाख 55 हजार 625 रुपये सरकारी खजाने में जमा करे। सम्पूर्ण मूल्यांकित धनराशि एक करोड 52 लाख 81 हजार 875 रुपये सात दिन के अन्दर जमा करे। तब से आज तक ये आदेश धूल फांक रहा है। स्वास्थ्य केन्द्र भी धूल फांकता दिख रहा है। इसी क्रम में 2011 में डीएम डॉ बलकार सिंह ने आठ सितम्बर 2011 में तहसीलदार कर्वी की आख्या 24 सितम्बर 2013 का उल्लेख करते हुए कहा कि नजूल भूमि गाटा संख्या 274/2 कुल रकबा 0.210 हे 52.40 वर्ग फिट में स्वास्थ्य विभाग का भवन बनाया है। स्वास्थ्य विभाग के नाम ये भवन दर्ज नहीं है न ही इस बाबत कोई अभिलेख हैं। एक सप्ताह के अन्दर वस्तुस्थिति से अवगत करायें, तब से आज तक ये पत्र भी धूल फांकता दिख रहा है।

## सरकारी तंत्र फेल, सरकार के सभी वायदे फेल, डीएपी खाद की भारी किल्लत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि सरकार किसानों को खाद नहीं दे पा रही। जिले के किसान डीएपी खाद न मिलने से खासे लाचार-बेबस व परेशान-हताश हैं। जिले के जिम्मेदारों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही। रविवार को भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि किसान दस-दस घंटे लाइन में खड़े रहने के बाद भी डीएपी नहीं ले पा रहे। अव्य वस्थाओं से देश के किसान कैसे खुशहाल होंगे। महिला किसान नवजात बच्चों को लेकर लाइन में दिन-दिन भर खड़ी रहती हैं। सरकारी तंत्र को रहम नही आता। क्या ऐसे ही किसान समृद्धिशाली होंगे, आय दोगुनी होगी। जिस देश में डीएपी खाद लेने को किसानों को लाइनों में दो-दो दिन खड़े रहना पड़ता है, वहां के किसान का जीवन कैसे होगा। इसका आंकलन किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि जिले के किसानों का जिम्मेदारों से सवाल है कि रबी बुवाई जोरो पर हैं, विलम्ब से बुवाई को लेकर किसान चिन्तित हैं। समय से बुवाई न होने से पैदावार अच्छी नहीं होगी। पलेवा को नहरों में पानी नहीं, बुवाई को खाद नहीं। साधन सहकारी समिति खोही में किसानों को पुलिस कर्मियों ने अपमानित किया। सगवारा समिति में खाद वितरण में बवाल हुआ। भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष जसवन्त सिंह चैहान के समझाने पर किसानों का गुस्सा शान्त हुआ। भाकियू ने निंदा करते हुए प्रतिनिधि मंडल के साथ जिलाधिकारी से भेंट करने को निर्णय लिया है।


खाद लेने को खडे किसान।

## 25 हजार का ईनामी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में प्रभारी स्वाट/ सर्विलांस निरीक्षक एमपी त्रिपाठी की टीम ने हत्या, लूट, माल बरामद व साजिश के वांछित 25 हजार रुपये के ईनामी हामिर साई उर्फ हामिद साई पुत्र शेखन साई निवासी पपौरा थाना टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ हाल पता ठाड़ी पाठर थाना कोठी जिला सतना मप्र को गिरफ्तार किया।

रविवार को स्वाट टीम प्रभारी एमपी त्रिपाठी की टीम ने हामिर साई, जो तीन वर्षो से फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी को पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। टीम ने उसे दबोच लिया है। टीम में निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, दीवान जीतेन्द्र कुमार, दीवान प्रदीप कुमार द्विवेदी, दीवान नीतेश समाधिया, सिपाही रोशन सिंह, पवन कुमार राजपूत, ज्ञानेश मिश्रा, आशीष कुमार, रोहित सिंह, गोलू भार्गव व जय नारायण पटेरिया शामिल रहे।


पुलिस गिरफ्त में ईनामी बदमाश।

### दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने दो वांछित व एक वारंटी को गिरफ्तार किया।

रविवार को थानाध्यक्ष मानिकपुर रीता सिंह ने दरोगा रामवीर सिंह व सिपाही शाकिर, विमलेश के साथ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के वांछित नारेंद्र उर्फ चुन्नू पुत्र अशोक कहार निवासी रूरल मानिकपुर को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के दरोगा राकेश मौर्य ने सिपाही धीरेन्द्र कुमार के साथ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के वांछित मतगंजन कुशवाहा पुत्र स्व कामता प्रसाद निवासी पहाड़ी को गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा रामकृष्ण वर्मा ने सिपाही मनोज के साथ आबकारी अधिनियम के वारंटी मट्टा उर्फ गयाप्रसाद पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी सोती पुरवा थाना राजापुर को गिरफ्तार किया।

## बाबा साहब के संविधान बचाने को देंगे हर तरह की कुबार्नी: मान सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संविधान दिवस पर कसहाई गांव में पूर्व प्रधान/बाबा साहब वाहिनी के पूर्व जिला महासचिव राम प्रसाद वर्मा के संयोजन में संविधान निमार्ता/ भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के सम्मान में हुई गोष्ठी में समाजवादी पार्टी बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल ने डॉ अंबेडकर के जीवन संघर्ष पर रोशनी डाली।

रविवार को कसहाई गांव में संविधान दिवस पर बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल ने कहा कि दलित, पिछड़ा, शोषित समाज व महिलाओं के उत्थान को जो संघर्ष, त्याग, बलिदान डॉ अम्बेडकर ने किया था, उसके बारे में बताया। पटेल ने कहा कि दलित, पिछड़ा, शोषित समाज के भगवान डॉ भीमराव अंबेडकर ने विश्व का सबसे सुंदर संविधान रचा है। अखंड भारत का सशक्त निर्माण हुआ है। सभी लोगों को शिक्षा, समानता, स्वतंत्रता का अधिकार मिला है। बाबा साहब के जीवन इतिहास को कभी भुलाया नहीं जा सकता, उनके संघर्ष को कभी भूलना नहीं। बाबा साहब के संविधान को बचाने को हर तरह की कुबार्नी देने को तैयार रहना चाहिए। मौजूदा भाजपा सरकार बाबा साहब के संविधान पर कुठाराघात कर रही है। आरएसएस व भाजपा की सोच व चिंतन संविधान विरोधी है।


संविधान दिवस पर बोलते मान सिंह पटेल।

सपा नेता मान सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब, पिछड़ा समाज को शिक्षा से दूर कर रही है। विद्यालयों को खत्म कर रही है, ये चिंताजनक है। भाजपा शासनकाल में महंगाई-बेरोजगारी बढ़ी है। किसान, मजदूर, महिलाओं के साथ अत्याचार बढ़ा है। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हमेशा गरीब, किसान, मजदूर की लड़ाई लड़ने का काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार से मांग किया कि जाति जनगणना आबादी के हिसाब से सब का हक है, सबको प्रतिनिधित्व दिया जाए। गोष्ठी में सैकड़ो महिलाएं, मजदूर, किसान, नौजवान मौजूद रहे। गोष्ठी में राम प्रसाद वर्मा व सुभाष पटेल ने भी विचार व्यक्त किये।

## एक और सैन्य तख्तापलट? अफ्रीकी देश में सेना के बैरकों पर बंदूकधारियों का हमला, राष्ट्रपति ने लगाया कर्फ्यू



एक और अफ्रीकी देश में अशांति और अस्थिरता फैल गई है। पश्चिमी अफ्रीकी देश सियला लियोन में सशस्त्र हमलावरों ने हमला कर दिया है। इसके बाद रविवार को पूरे देश में कर्फ्यू लगा दिया गया है। राष्ट्रपति जूलियस माडा बायो ने हमलों के बाद क्षेत्र में तख्तापलट की बढ़ती घटनाओं के बीच व्यवस्था बिगड़ने की आशंकाओं के बाद रविवार को कर्फ्यू की घोषणा की। ताजा हमले पर फ्रीटाउन स्थित अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में कहा कि इस तरह की कार्रवाई उचित नहीं है। एक्स पर पोस्ट करते हुए बायो ने कहा कि अज्ञात बंदूकधारियों ने सुबह-सुबह राजधानी फ्रीटाउन में बैरक के भीतर एक सैन्य शस्त्रागार पर हमला किया। उन्होंने आगे कहा, "सुरक्षा बलों ने उन्हें वापस खदेड़ दिया और शांति बहाल कर दी गई है। राष्ट्रपति जूलियस मैडा बायो ने कहा कि देशव्यापी कर्फ्यू घोषित कर दिया गया है और नागरिकों को घरों के अंदर रहने की सलाह दी जाती है। देश के सूचना और शिक्षा मंत्रालय ने भी एक बयान में कहा कि सरकार और सुरक्षा बल स्थिति पर "नियंत्रण" में हैं। ऑनलाइन वायरल हुए वीडियो में कथित तौर पर सैनिकों को फ्रीटाउन की खाली सड़कों पर गश्त करते हुए और गोलियां बरसाते हुए दिखाया गया है। बंदूकधारियों या हमले के कारण के बारे में तत्काल कोई विवरण नहीं दिया गया है। बायो को जून में दूसरे कार्यकाल के लिए चुना गया था। मुख्य विपक्षी दल ने देश के चुनाव आयोग पर परिणामों में हेर फेर करने का आरोप लगाया था। देश में दो दशक पहले 11 साल तक गृह युद्ध चला था और उसके समाप्त होने पर यह राष्ट्रपति पद के लिए यह पांचवां चुनाव था। गृह युद्ध में हजारों लोग मारे गए थे और देश की अर्थव्यवस्था नष्ट हो गई थी। देश की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बायो को लगातार आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। सिएरा लियोन की 70 लाख से अधिक की लगभग 60 फीसदी आबादी गरीबी का सामना कर रही है, जिसमें युवा बेरोजगारी पश्चिम अफ्रीका में सबसे अधिक में से एक है।

## मुंबई हमले में जिंदा बचे इजराइली बच्चे मोशे के दादा ने भारत का किया धन्यवाद, कही दिल छू लेने वाली बात



2008 के मुंबई आतंकवादी हमले में जीवित बचे सबसे कम उम्र के मोशे होल्त्जबर्ग के दादा ने इतने वर्षों तक उनके परिवार के दर्द को अपना दर्द मानने के लिए भारतीयों के प्रति आभार व्यक्त किया।

26/11 आतंकी हमले के सुरक्षित बचे सबसे कम उम्र के इजराइली बच्चे मोशे होल्त्जबर्ग के दादा ने इतने वर्षों तक उनके परिवार के दर्द को अपना दर्द मानने के लिए भारतीयों के प्रति आभार जताया है। आतंकी हमले की 15वीं बरसी पर मोशे के दादा ने अपने बहू-बेटे को याद किया।

मोशे के दादा रब्बी शिमोन रोसेनबर्ग ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, भारत के लोगों को याद है कि 15 वर्ष पहले हम पर क्या बीती। मोशे के दादा ने कहा कि इस आतंकी हमलों में उनका और अन्य इजराइली लोगों के परिवार तबाह हो गए थे। हमारी भावनाओं को समझने के लिए भारत का दिल से धन्यवाद।

रोसेनबर्ग ने कहा कि उनके परिवार पर आतंकी हमला हुआ फिर भी वे पूरी दुनिया में शांति की उम्मीद करते हैं। मोशे का दादा का बयान उस समय आया जब इजराइल और हमास के बीच जंग छिड़ी हुई हैं।

मोशे होल्त्जबर्ग के मां-बाप मुबंई हमले के वक्त भारत में ही रह रहे थे। मोशे के पिता गैवरिएल होल्त्जबर्ग और मां रिवका मुंबई के एक यहूदी केंद्र चबाड हाउस में सात सालों से काम कर रहे थे। मोशे का जन्म उसी घर में हुआ था।

2008 में हुए मुंबई हमले के दौरान आतंकियों ने मुंबई के कोलाबा में स्थित नरीमन हाउस में मोशे के माता-पिता समेत कई यहूदी लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी थी। दो साल का मोशे अपने माता और पिता की लाशों के बीच खड़ा रो रहा था तभी एक नैनी ने मोशे की जान बचाई थी। मुंबई हमले के वक्त मोशे दो साल का बच्चा था और अब वह 17 साल का किशोर हो चुका है। अपनी जान जोखिम में डालकर मोशे को बचाने वाली सैंड्रा अब इजराइल में रहती है। सैंड्रा गोवा की एक महिला थी जिसे इजराइल ने अपनी नागरिकता दी है।

इजराइल सरकार ने सैंड्रा को मोशे की जान बचाने के लिए 'राइटियस जेनटाइल' के अवार्ड से नवाजा था। यह अवॉर्ड गैर यहूदियों को दिया जाने वाला सबसे सर्वोच्च पुरस्कार है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# बांग्लादेश में सड़क हादसे में भारतीय दंपति की मौत

**ढाका/एजेंसी।**
बांग्लादेश में शनिवार हादसों का दिन रहा। सतखिरा, राजशाही, चटगांव, गाजीपुर, फेनी, मुंशीगंज और जेसोर में सड़क पर 16 लोगों की जान चली गई। इनमें एक भारतीय दंपति और एक पुलिस कांस्टेबल शामिल है।



स्थानीय अंग्रेजी अखबार ढाका ट्रिब्यून के अनुसार भारत के पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के रहने वाले भारतीय दंपति की उस समय मौत हो गई जब सतखिरा के सदर उपजिला के तलतला में एक ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। मृतकों में 45 वर्षीय असीम कुमार विश्वास और उनकी 42 वर्षीय पत्नी चोबी विश्वास हैं। यह हादसा बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के सतखिरा कैंप के सामने सुबह करीब आठ बजे हुआ।

अखबार के अनुसार, सतखिरा सदर पुलिस स्टेशन प्रभारी (ओसी) महिदुल इस्लाम ने कहा कि असीम खुलना-मोंगला रेलवे परियोजना के उप प्रबंधक थे। वह अपनी पत्नी के साथ भोमरा भूमि बंदरगाह के रास्ते भारत जा रहे थे। हादसे में उनका ड्राइवर घायल हो गया।

इसके अलावा राजशाही में दोपहर को बेलपुकुर में एक ट्रक और सीएनजी से चलने वाले ऑटो-रिक्शा के बीच आमने-सामने की टक्कर में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। मृतकों में 35 वर्षीय परवीन बेगम, 17 वर्षीय शर्मिन, 75 वर्षीय इनसाब अली, 35 वर्षीय अयूब अली लाबू और 35 वर्षीय सीएनजी चालक मोखलेसुर रहमान हैं। घायल 18 वर्षीय ह्रदयॉय हैं। पाबा हाइवे पुलिस स्टेशन के ओसी मोफक्करुल इस्लाम ने कहा, बेलपुकुर बाइपास इलाके के पास एक ट्रक और सीएनजी से चलने वाले ऑटो-रिक्शा के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। चटगांव में एक तेज रफ्तार ट्रक ने कर्णफुली गैस वितरण कंपनी के तीन कर्मचारियों को कुचल दिया। मृतकों में 35 वर्षीय मसूद मियां, 45 वर्षीय आलमगीर हुसैन और 42 वर्षीय शफीकुल इस्लाम हैं। शनिवार को हुए हादसों में कुल 16 लोगों की जान गई।

# भारत के सहयोग के बिना नेपाल में असंभव थी गणतंत्र की स्थापना : प्रचंड

**काठमांडू/एजेंसी।**
नेपाल में राजतंत्र की पुनर्बहाली को लेकर चल रहे प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' ने देश में लोकतंत्र और गणतंत्र की स्थापना में भारत की भूमिका का स्मरण करते हुए नई दिल्ली की प्रशंसा की है। प्रचंड ने कहा कि भारत के सहयोग के बिना नेपाल में गणतंत्र की स्थापना असंभव थी।



प्रधानमंत्री निवास में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री प्रचंड ने दावा किया कि नेपाल में राजतंत्र खत्म कर गणतंत्र की स्थापना में माओवादियों के द्वारा दस वर्षों तक किए गए सशस्त्र विद्रोह की तो भूमिका रही ही है, इसमें भारत की भी भूमिका रही है। प्रधानमंत्री ने पिछले कुछ दिनों से राजतंत्र की पुनर्बहाली के पक्ष में चल रहे प्रदर्शनों पर कहा कि देश में सैकड़ों लोगों के बलिदान के बाद स्थापित गणतंत्र की रक्षा के लिए वो हर तरह का बलिदान देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने सैकड़ों बलिदान से प्राप्त इस उपलब्धि की रक्षा के लिए सभी लोकतांत्रिक दलों को एकजुट होने की भी अपील की।

## फिलिस्तीनियों को जॉर्डन भेज दो... इजराइल-हमास जंग के बीच नीदरलैंड नेता के बयान से मुस्लिम देशों में मची खलबली



नीदरलैंड के धुर दक्षिणपंथी नेता और देश के अगले प्रधानमंत्री बनने के प्रबल दावेदार गीर्ट विल्डर्स ने फिलीस्तीन-इजराइल विवाद में बयान दिया है। देश की राजनीति में सबसे बड़े दल बनकर उभरे फ्रीडम पार्टी (ढश्श) के नेता गीर्ट वाइल्डर्स ने एक्स पर पोस्ट करते हुए जॉर्डन को फिलिस्तीन बताया। वाइल्डर्स ने शनिवार को उन्होंने एक्स पर लिखा कि जॉर्डन ही फिलीस्तीन है, ऐसे में फिलिस्तीनियों को जॉर्डन ट्रांसफर कर देना चाहिए। गीर्ट ने इसे इजराइल-फिलीस्तीन संघर्ष का स्थायी समाधान बताया है। उन्होंने कहा है कि फिलीस्तीन के लोगों को जॉर्डन भेज देना ही इस समस्या का समाधान है। उन्होंने कहा कि इससे फिलिस्तीनी लोगों की समस्या का समाधान हो जाएगा। गीर्ट का ये पोस्ट जॉर्डन, फिलिस्तीनी प्राधिकरण और अरब लीग को नगावार गुजरा है और उन्होंने इसकी आलोचना की है। गीर्ट विल्डर्स का ये बयान अंतरराष्ट्रीय सहमति और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के बिल्कुल विपरीत हैं जो टू-स्टेट समाधान की वकालत करते हैं। फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी करते हुए गीर्ट विल्डर्स की टिप्पणी की निंदा की है। मंत्रालय के प्रवक्ता सुफियान कुदाह ने कहा कि गीर्ट की टिप्पणियां ना केवल आक्रामक हैं, बल्कि खतरनाक भी हैं। कुदाह ने कहा कि गीर्ट फिलिस्तीन के लोगों के स्वतंत्र निर्णय और स्वतंत्र राज्य के अस्तित्व से इंकार करते हैं। उनके बयान की हर प्रकार से निंदा होनी चाहिए। प्रवक्ता कुदाह ने डच सरकार से इनके बयानों की निंदा करने की अपील भी की। अरब न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, जॉर्डन ने भी नीदरलैंड के नेता के बयान की अलग से निंदा की है। इसके साथ ही संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), बहरीन, यमन और अरब लीग ने भी ऐसा ही किया है। नीदरलैंड में यूएई दूतावास ने एक्स पर लिखा, "डच सांसद गीर्ट वाइल्डर्स द्वारा दिए गए गैर-जिम्मेदाराना बयानों को जॉर्डन के हाशमाइट साम्राज्य के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप माना जाता है, और खारिज कर दिया जाता है और निंदा की जाती है।"

# सिहोरा : लात मार युवक की हत्या, शव लेकर इलाज कराने पहुंचे आरोपित

**सिहोरा/एजेंसी।**
मामूली विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक को अपनी जान गवाना पड़ गई, खेत में सिंचाई के लिए लगाए पाइप के ऊपर से युवक मोटरसाइकिल निकाल रहा था, खेत मालिक के द्वारा मना करने पर तू-तू मैं इतनी बढ़ गई कि मारपीट होने लगी, जिसपर आरोपी सुरेंद्र उर्फ सोनू (34वर्ष) एवं पंकज गडारी ने मृतक खेमचंद गडारी (45वर्ष) के गुप्तांग में लात मार दी और खेमचंद की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि आरोपियों ने मृतक खेमचंद का शव लेकर अस्पताल भी इलाज कराने लेगये, और अस्पताल में छोड़कर भाग निकले जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

खितौला थाना क्षेत्र के ग्राम छोटी दरौली निवासी खेमचंद गडारी शनिवार की दोपहर को स्वयं के खेत में पाइप लाइन से सिंचाई कर रहा था। तभी सोनू बर्मन 2- 3 बार सिंचाई वाली पाइपलाइन के ऊपर से अपनी मोटरसाइकिल निकाल कर ले गया, जब खेमचंद ने इसका विरोध किया तो सोनू और पंकज गडारी खेमचंद से गालीगलौज कर विवाद करने लगे। विवाद के दौरान ही सोनू बर्मन ने खेमचंद गडारी के गुप्तांग में जोरदार लात मार दी, जिसके बाद खेमचंद गडारी दर्द से कराहते हुए वहीं गिर पड़ा, खेमचंद के जमीन गिरते ही आरोपी सोनू ने खेमचंद के सीने में पिंचीस एवं गर्दन में तार से तेज हमला कर दिया। जिसकी सँभवतः वहीं पर मौत हो चुकी थी।

**मारकर लाश को लेकर पहुंचे इलाज कराने**

दोनों आरोपित सोनू बर्मन एवं पंकज गडारी ने पहले तो खेमचंद के साथ बेरहमी से मारपीट की और अनहोनी होनी की शंका में मृतक के शव को लेकर उसका ईलाज कराने मोटर साइकिल से खेमचंद को गाड़ी को लेकर सिहोरा अस्पताल पहुंचे और खेमचंद को भर्ती कराने के बाद वहां से फरार हो गए। अस्पताल में भर्ती खेमचंद की जांच करने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# हमास ने संघर्ष विराम के दूसरे दिन खूब छकाया, रात को छोड़े इजराइल के आठ बच्चे और पांच महिलाएं

**गाजा/एजेंसी।**
कतर की मध्यस्थता से गाजा पट्टी में फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास और इजराइल के बीच छिड़ा युद्ध भले ही चार दिन के लिए थम गया हो, मगर आशंकाओं के बादल उमड़-घुमड़ रहे हैं। आज (रविवार) संघर्ष विराम का तीसरा दिन है। कल इसकी मियाद पूरी होगी। हमास ने संघर्ष विराम के दूसरे दिन बंधकों को रिहा करने में काफी देरी की। इससे एक पल के लिए लगा कि संघर्ष विराम कहीं टूट न जाए। आखिरकार उसने देररात 13 इजराइली नागरिकों को 50 दिन की कैद के बाद रिहा कर दिया। इनमें आठ बच्चे, चार महिलाएं और एक युवती शामिल हैं।



स्थानीय अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल ने देश के अधिकारियों के हवाले से इसका ब्यौरा जारी करते हुए कहा है कि इजराइल को आज (रविवार) रिहा किए जाने वाले बंधकों के की सूची मिल गई है। उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया है। साथ ही हमास ने दूसरे दिन चार थाई नागरिकों को भी रिहा कर दिया। अभी भी हमास की कैद में 195 लोग हैं।

अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार इजराइली अधिकारियों ने रविवार सुबह कहा कि हमास ने फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले इजराइली और विदेशी बंधकों के दूसरे समूह को रिहा कर दिया। हमास ने इन लोगों को रिहा करने में दिए गए समय में एक घंटे की देरी की। इससे यह आशंका बढ़ गई थी कि गाजा में संघर्ष विराम पूरी तरह से टूट सकता है। इजराइल के जेल अधिकारियों ने कहा है कि रविवार तड़के 39 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया गया। शुक्रवार को भी ऐसी ही अदला-बदली हुई थी।

द न्यूयॉर्क टाइम्स ने दूसरे दिन बंधकों की रिहाई में हुई देरी के लिए हमास के हवाले से कहा है कि ऐसा इजराइल के समझौते के कुछ हिस्सों से मुकरने के कारण हुआ। हमास ने कहा कि इजराइल ने उत्तरी गाजा तक पर्याप्त सहायता नहीं पहुंचने दी। साथ ही शर्तों के अनुसार फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा नहीं किया। इस पर इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा है कि हमास का दावा गलत है। संघर्ष विराम की शर्तों का पूरा पालन हो रहा है। राफा क्रॉसिंग खुली हुई है। मानवीय सहायता वाले 200 ट्रक गाजा पहुंचे हैं।

## भारत दौरे पर आ रहे हैं नासा चीफ, चंद्रयान-3 की सफलता के बाद NISAR मिशन को लेकर मिलेगी खुशखबरी

NISAR के प्रमुख यानी उसके एडमिनिस्ट्रेटर बिल नेल्सन भारत दौरे पर आने वाले हैं। वह सोमवार को भारत और यूएई की यात्रा पर रवाना होंगे। इस बात की जानकारी खुद अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने दी है। ठअरअ ने एक प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा कि नासा प्रशासक बिल नेल्सन दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष सहयोग पर चर्चा करने के लिए 27 नवंबर को भारत का दौरा करेंगे। यह यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के नेतृत्व में महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी पर संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत की पहल का हिस्सा है। अपनी यात्रा के दौरान नेल्सन मानव अन्वेषण और पृथ्वी विज्ञान जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने के लिए प्रमुख सरकारी अधिकारियों और अंतरिक्ष अधिकारियों से मिलेंगे। बिल नेल्सन बेंगलुरू स्थित निसार सैटेलाइट मिशन को भी वो देखेंगे। NISAR नासा इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार का संक्षिप्त रूप है। ये NISAR और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (करफड) के बीच यह एक संयुक्त मिशन है जो पृथ्वी पर नजर रखने के लिए लॉन्च किया जा रहा है। निसार रडार मिशन क्लाइमेट चेंज के लिए बेहद अहम साबित हो सकता है। इससे जंगलों और वेटलैंड (नमी या दलदली इलाके) पर निगरानी की जा सकेगी। स्पेस एजेंसियां जानना चाहती हैं कि फारेस्ट और वेटलैंड में कार्बन सर्किल पर क्या असर हो रहा है और इससे क्लाइमेट चेंज कैसे हो रहा है। निसार पर इसरो और नासा दोनों ही एजेंसियों की तरफ से काम लगभग पूरा हो चुका है।

# नेपाल ने भारत को बिजली बेचकर चार महीने में कमाया 1250 करोड़ का मुनाफा

**काठमांडू,/एजेंसी।**
नेपाल और भारत के बीच ऊर्जा क्षेत्र में रोज नए रिकार्ड बन रहे हैं। भारत की नई ऊर्जा नीति का फायदा उठाते हुए नेपाल ने पिछले चार महीने में भारत को बिजली बेचकर 1250 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है।

नेपाल विद्युत प्राधिकरण के मुताबिक पिछले चार महीने में नेपाल की विभिन्न कंपनियों ने भारत के अलग-अलग कंपनियों को बिजली बेच कर 1250 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। इस दौरान नेपाल ने भारत को 13,612 लाख यूनिट बिजली बेच कर यह मुनाफा कमाया है। प्राधिकरण के कार्यकारी निदेशक कुलमान घिसिंग ने बताया कि नेपाल के द्वारा बिजली बेच कर मुनाफा कमाने का यह रिकार्ड है।

घिसिंग के मुताबिक इसी अवधि में पिछले आर्थिक वर्ष में जहां सिर्फ 486.44 करोड़ का मुनाफा हुआ था वहीं इस बार यह करीब तीन गुना अधिक बढ़कर 1250 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह भारत की नई ऊर्जा नीति के कारण ही संभव हो पाया है। भारत सरकार ने अपनी ऊर्जा नीति में बदलाव करते हुए नेपाल को ऊर्जा खरीद-बिक्री के लिए काफी सहूलियत प्रदान की है।



पा ह लो

नेपाल की सिर्फ उसी परियोजना से भारत बिजली खरीदता था जो भारत सरकार या भारतीय कंपनियों के निवेश से बना हो, लेकिन नई ऊर्जा नीति के तहत अब उन परियोजनाओं से भी बिजली खरीदी जा रही है जो नेपाल सरकार या नेपाली नागरिकों के निवेश से बना है।